श्रावण शुक्ल - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 10 ▪ अंक - 350 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 18-07-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 विपक्षी गठबंधन भानुमति का कुनबा, न नेता है, ना ही कोई नीति : नड्डा

6 पाकिस्तान में जमाने भर की बातों का बदला हिंदू मंदिरों से क्यों?

7 एक तरफ जांचा परखा खरा गठबंधन तो दूसरी तरफ कांग्रेस की बेवफ़ाई का बन्धन है: नकवी

फर्स्ट टेक

राम मंदिर के गर्भगृह में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अगले साल 15 से 24 जनवरी के बीच

अयोध्या (उप्र)/भाषा। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में पहली मंजिल पर पांच साल के बच्चे के रूप में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी और गर्भगृह में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अगले साल 15 से 24 जनवरी के बीच किसी एक दिन होगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को यहां बताया, अक्टूबर महीने तक मंदिर की सबसे निचले तल का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद उसे सिर्फ अंतिम रूप देना बाकी रह जाएगा। दिसंबर तक यह पूरा हो जाएगा। पांच साल के बच्चे के रूप में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी।'' राय ने कहा, राम मंदिर में पहली मंजिल पर स्थापित प्रतिमा और गर्भगृह में लगाई जाने वाली मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अगले साल 15 से 24 जनवरी के बीच किसी एक दिन की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूतल पर पूरे परिवार के साथ भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। अभी दूसरी मंजिल पर कोई मूर्ति स्थापित करने की योजना नहीं है।

दो आतंकवादी ढेर

पुंछ/जम्मू/भाषा। सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश नाकाम करते हुए सोमवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया। एक रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक आतंकवादी के शव को घटनास्थल से बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरा आतंकी गोली लगने के बाद पुंछ नदी में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि पुंछ जिले के कृष्ण घाटी सेक्टर में 16-17 जुलाई की दरमियानी रात सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने यह संयुक्त अभियान चलाया था।

रूसी झंडे के साथ वैगनर समूह के कुछ और लड़ाके बेलारूस में दाखिल हुए

मिंस्क/एपी। रूस की निजी सेना 'वैगनर' समूह के कुछ और लड़ाके सोमवार को बेलारूस में दाखिल हुए। पिछले महीने अल्पकालिक बगावत के बाद पूर्व-सोवियत राष्ट्र में लड़ाकों का आना जारी है। एक निगरानी समूह ने यह जानकारी दी। बेलारूस में सैनिकों की गतिविधियों पर नजर रखने वाले बेलारूसी कार्यकर्ता समूह 'बेलारूस्की हाजुन' ने कहा कि रूसी झंडे और वैगनर के प्रतीक चिह्न वाले ध्वज के साथ करीब 20 वाहनों का एक काफिला सोमवार को देश में दाखिल होकर उस क्षेत्रीय शिविर की ओर जा रहा था जिसे बेलारूसी अधिकारियों ने वैगनर को देने की पेशकश की थी।

17-07-2023	18-07-2023
सूर्यास्त 6:39 बजे	सूर्योदय 5:51 बजे

BSE	NSE
66,589.93	19,711.45
(+529.03)	(+146.95)

सोना	चांदी
6,178 रु.	81,300 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

क्या-क्या बाँटोगे

प्रतिबंधित एयरस्पेस हुए,
अवरोध बने सीमाओं पे।
नदियों का जल भी बाँट लिया,
झगड़ा वृक्षों की छाँहों पे।
सागर के पानी पर लकीर,
भूगर्भ युद्ध के दावों पे।
बादल खुशबू अरदास करे,
अंकुश ना लगे हवाओं पे।।

विपक्षी दलों का 'हम एक हैं' का संदेश, आज होगी औपचारिक बैठक

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और कुछ अन्य नेता भी आज शामिल होंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/भाषा। विपक्ष की कई प्रमुख पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने यहां रात्रिभोज के मौके पर बैठक की, जहां से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुट हैं। वे मंगलवार को औपचारिक रूप से मंत्रणा करेंगे कि कैसे अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक साझा कार्यक्रम तैयार किया जाए और एकजुट होकर उसे मात दी जाए।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और कुछ अन्य नेता भी मंगलवार को दूसरे दिन की बैठक में शामिल होंगे और इसके बाद बैठक में शामिल होने वाले विपक्षी दलों के नेता संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से आगे की रूपरेखा पेश करेंगे।

बैठक स्थल पर एक बैनर लगा था जिस पर 'यूनाइटेड वी स्टैंड' (हम एक हैं) लिखा हुआ था। इस नारे के पोस्टरों से बेंगलुरु की सड़कें भी पटी पड़ी हैं।

शहर के एक पंचसितारा होटल में विपक्षी नेताओं के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की ओर से आयोजित रात्रिभोज से पहले यहां अनौपचारिक रूप से कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार, द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कुछ अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक से पहले कांग्रेस ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी दलों की एकजुटता भारत के राजनीतिक परिदृश्य के लिए परिवर्तनकारी साबित होगी तथा जो लोग अकेले दम पर विपक्षी पार्टियों को हरा देने का दंभ भरते थे, वे इन दिनों 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के भूत' में नयी जान फूंकने की कोशिश में लगे हुए हैं।

पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर से एटीएस ने पूछताछ की

नोएडा/भाषा। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर से पूछताछ की, जो मई में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी और अब ग्रेटर नोएडा में अपने भारतीय साथी सचिन मीणा के साथ रह रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के एक संदिग्ध एजेंट को पड़ोसी देश में अपने आकाओं को ''रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी'' प्रदान करने के आरोप में लखनऊ से गिरफ्तार करने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। एटीएस द्वारा पाकिस्तानी महिला से पूछताछ ऐसे समय में हुई है जब ग्रेटर नोएडा में एक दक्षिणपंथी समूह ने धमकी दी है कि अगर अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाली सीमा हैदर को 72 घंटों के भीतर देश से बाहर नहीं निकाला गया तो वह विरोध प्रदर्शन करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से पुष्टि की है कि हैदर से एटीएस ने सोमवार को पूछताछ की और स्थानीय पुलिस इसमें शामिल नहीं थी। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस मामले की अलग से जांच कर रही है और अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है।

तमिलनाडु के मंत्री

पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर ईडी के छापे

विपक्षी बैठक का ध्यान भटकाने की चाल : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सोमवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। द्रमुक के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे डॉ. गौतम शिकामणि के आवास और अन्य परिसरों पर की गई। सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के बाद पोनमुडी जांच के दायरे में आने वाले दूसरे मंत्री हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोमवार को कहा कि राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े परिसरों पर की जा रही ईडी की छापेमारी बेंगलूरु में हो रही दो दिवसीय विपक्षी बैठक से ध्यान भटकाने की एक चाल है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह छापेमारी बेंगलूरु में विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक और जून में पटना में हुई पहली बैठक का नतीजा है।

पोनमुडी और सिगामणि को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय ले जाया गया

तमिलनाडु में ईडी छापेमारी के बाद राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी और उनके बेटे सांसद गौतम सिगामणि को पूछताछ के लिए सोमवार की रात ईडी कार्यालय ले जाया गया।

कर्नाटक में जैन मुनि की हत्या

जैन समुदाय ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। कर्नाटक में एक जैन मुनि की हत्या के विरोध में जैन समुदाय के सदस्यों ने सोमवार को यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की। जैन मुनि आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की इस महीने की शुरुआत में बेलगावी जिले में हत्या कर दी गई थी। उनके शरीर के कटे हुए हिस्से जिले के चिक्कोडी तालुक स्थित एक गड्ढे में मिले थे। इस अपराध के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बारे में पुलिस को संदेह है कि यह पैसे के विवाद से जुड़ा हुआ है। जंतर-मंतर पर एकत्र हुए लोगों को संबोधित करते हुए कर्नाटक के जैन मुनि चारुकीर्ति स्वामी ने कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं है और वे चाहते हैं कि पार्टियां एकसाथ आएं और इस मामले में उन्हें न्याय दिलाने में मदद करें। एक अन्य प्रदर्शनकारी जिनेंद्र कुमार जैन ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार से कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा, 'हम महाराज की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम यहां पूरे जैन समुदाय के लिए न्याय की मांग करने आए हैं।'

विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल जैन ने मांग की कि इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

हमारा उद्देश्य देश को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाना : अमित शाह

देशभर में 1.40 लाख किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कोई भी युवा इसकी गिरफ्त में न आए तथा देश सुरक्षित रहे।

शाह ने यह बात मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर एक सम्मेलन में कही। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में 2,381 करोड़ रुपए मूल्य के 1.40 लाख किलोग्राम (किग्रा) से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट होते देखा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी युवा मादक पदार्थों की गिरफ्त में न हो...हमारा उद्देश्य देश को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाना है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों और एलजी (उपराज्यपाल) से इसके लिए हर संभव सहयोग करने की अपील करता हूं। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले एक साल में 12,000 करोड़ रुपए मूल्य के 10 लाख किग्रा मादक पदार्थ नष्ट किए गए और यह बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव में इतने बड़े लक्ष्य को पूरा करने में जुटे सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जब राज्य और केंद्र सरकारें सभी एजेंसियों के साथ एक मंच पर आएंगी, तभी हम देश को मादक पदार्थों से मुक्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा, सहयोग, समन्वय, सहभागिता से हम नशे के खिलाफ इस अभियान में सफल हो सकेंगे।

शाह ने कहा कि जब तक मादक पदार्थ तस्करों की वित्तीय लेनदेन की शृंखला नहीं टूटेगी, तब तक मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पहले मादक पदार्थों की तस्करी के मुख्य क्षेत्र को 'गोल्डन ट्राइंगल' और 'गोल्डन क्रीसेंट' कहा जाता था, लेकिन भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्ताव किया है कि इसका नाम 'डेथ ट्राइंगल' और 'डेथ क्रीसेंट' रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह दृष्टिकोण मादक पदार्थों के खिलाफ हमारी लड़ाई की दिशा और तीव्रता को दर्शाता है।

नीति आयोग की जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी कि

भारत में 13.5 करोड़ लोग पांच साल में गरीबी से बाहर निकले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नीति आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा तथा राजस्थान में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबों की संख्या में उल्लेखनीय रूप से 9.89 प्रतिशत अंक की कमी आई है। यह 2015-16 में 24.85 प्रतिशत थी और 2019-21 में कम होकर 14.96 प्रतिशत पर आ गई।

रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत रह गई है।

नीति अयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने सोमवार को आयोग की 'राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति संबंधी समीक्षा 2023' रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में कहा गया, 2015-16 से 2019-21 के बीच रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

राष्ट्रीय एमपीआई (बहुआयामी गरीबी सूचकांक) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के तीन समान रूप से भारित आयामों में आभावों को मापता है। इन्हें 12 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से जुड़े संकेतकों से दर्शाया गया है।

बिलकिस मामला

उच्चतम न्यायालय सात अगस्त को करेगा अंतिम सुनवाई

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में सभी 11 दोषियों को पिछले साल दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू करने के लिए सात अगस्त की तारीख तय की। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि दलीलें पूरी हो चुकी हैं और सभी दोषियों को समाचार पत्र प्रकाशनों के माध्यम से या सीधे नोटिस दिए गए हैं। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं और सभी उत्तरदाताओं को सभी मामलों में समाचार पत्रों के प्रकाशनों के माध्यम से या सीधे तौर पर नोटिस दिए गए हैं। हम मामले को सात अगस्त को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं।

विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की जरूरत : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गांधीनगर/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की जरूरत है।

यहां जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की दो दिन की बैठक में अपने संबोधन में सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि अपने दीर्घकालिक औसत से नीचे और असमान बनी हुई है। उन्होंने कहा, ... हमें इस चुनौतीपूर्ण समय से निपटने के लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की जरूरत है। इस संदर्भ में जी20 रूपरेखा पर कार्यसमूह ने खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित व्यापक आर्थिक चुनौतियों से निपटने के मुद्दों को उठाया है। वित्त मंत्री ने कहा, इन मुद्दों से जो नीतिगत सबक सामने आए हैं, वे स्पष्ट रूप से अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए सीतारमण ने कहा, भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम वर्तमान में क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि यह वक्तव्य मजबूती से वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी समूह की ओर ले जाने के लिए जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों के रूप में हमारे दायित्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 2023 में वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडा पर आगे बढ़ते हुए कम आय वाले देशों की आवाज को बुलंद करने के लक्ष्य के साथ संयुक्त वित्त और स्वास्थ्य कार्यबल की बहु-वर्षीय कार्ययोजना को अपनाया गया, जिसे क्षेत्रीय संगठनों से मार्गदर्शन मिला।

पाप से बचने का समाधान है भव आलोचना : आचार्य अभयशेखरसूरी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी म.सा.

ने कहा कि इस दुनिया में मात्र प्रभु के दर्शन करने जैसे हैं, दूसरे सभी को देखने से राग-द्वेष पैदा होता है और इन्हीं राग-द्वेष के कारण कर्मो का बंध होता है। आचार्यश्री ने लक्ष्मणा साध्वीजी का दृष्टांत सुनाते हुए कहा कि जैसे एक खराब आम साथ रखे हुए अनेक आम को ख़राब कर देते हैं उसी तरह अनेक धर्म आराधना साधना को ख़तम करने वाला एक पाप होता है। जैसे लाखों के सोने के बरक से बनाया हुआ चित्र 5 रुपये के काले रंग के एक बूंद से खराब हो जाता है उसकी तरह एक शल्य, साधना रूपी सुकृत को निष्फल कर देती है। पाप रूपी काले दाग को निकालने का समाधान है भव आलोचना। भव आलोचना द्वारा सिर्फ इस भव के ही नहीं अपितु पूर्व भव के चित्र को सुंदर बनाएं।

कथनी और करनी एक समान होनी चाहिए : साध्वी प्रतिभाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के अक्कीपेट स्थित वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारे सामने तीन शब्द है चिता, चिंता और चिंतन। चिता व्यक्ति की देह को जलाकर भस्म कर देती है। चिंता जीवित व्यक्ति को अंदर का अंदर खोखला कर देती है और शुभ का चिंतन करने से अशुभ प्रवृत्तियों से छुटकारा मिल सकता है। हमारे सामने दो शब्द हैं पापात्मा और पुण्यात्मा। जीव हंसते हुए कर्म बांध देता है लेकिन जब भुगतना पड़ता है तब सब याद आ जाता है। जीव बाहर

अंदर एक जैसा होना चाहिए। कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए । जो एक जैसा होता है वही पुण्यात्मा होता है। अगर हम बिजली के तार में हाथ डालेंगे तो करंट नहीं आए ऐसा हो ही नहीं सकता। उसी प्रकार कर्मों का जैसा बंध हुआ है वैसा ही भुगतान करना पड़ता है। इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि अगर हमें आत्मा से परमात्मा बनना है या सिद्ध बुध और मुक्त अवस्था को प्राप्त करना है तो तीन सूत्र बताए गए हैं, सबसे पहले वर्तमान में जियो। वर्तमान में जीने से ही हमारी आत्मा वर्धमान बन सकती है। दूसरा है सही तरीके से जियो। तीसरा है बिना किसी दबाव के जियो। आज के समय में व्यक्ति अनंत इच्छाओं के दबाव में जी रहा है। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित करने से ही मानसिक शांति मिल सकती है। साध्वीश्री अनुज्ञाश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। महासतीजी के सान्निध्य में प्रतिदिन घर-घर नवकार महामंत्र का जापय विभिन्न तपस्याएं गतिमान है । सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

मन को नियंत्रण करने से जीवन सुधरेगा : साध्वी प्रियकल्पलताश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी

की निश्रा में शिष्या प्रियकल्पलताश्री जी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि मन को नियंत्रण कर लो, जीवन सुधर जाएगा। ये मन ही तो है जो पाप, पुण्य कराता है। जीवन को नेक और अनेक रास्तों पर ले जाता है, इसलिए कहा है कि मन के हारे हार, मन के जीते जीत। उन्होंने कहा कि मन की पवित्रता से जीवन आगे बढ़ता है, क्योंकि जीवन में मन ही है जो भटकता है और जीवन को भी भटकाता है। यदि वह अपने वश में हो जाता है तो सब कुछ सही रहता है। जीवन का उत्थान होता है। मनुष्यत्व को प्राप्त करने के लिए धर्म श्रवण करना जरूरी है। एक बार पत्थर की मूर्ति मंदिर में जाती है तो वह परमात्मा बन जाती है और हमें मंदिर जाकर लौटते हुए जिदंगी बीत जाती है, लेकिन पत्थर ही बन कर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि आचरण को पवित्र रखना जीवन का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए

बीजेएस व जैन युवा कॉन्फ्रेन्स की 'दि फियरलेस स्पीकर' सेमिनार सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जैन संगठन, शांतिनगर चैप्टर एव आँल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, कर्नाटक युवा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 'दि फियरलेस स्पीकर' सेमिनार का समापन समारोह जेसी रोड स्थित जैन कॉलेज में हुआ। सात दिन तक चले इस सेमिनार मे कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में अजीत रांका और मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश बुरड उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में प्रभावी सार्वजनिक भाषण के गहरे प्रभाव पर जोर देते हुए व्यावहारिक भाषण दिए। रांका ने कहा कि एक निडर सार्वजनिक वक्ता बनने के लिए आत्मविश्वास जरुरी होता है। प्रकाश बुरड़ ने जीवन के सभी पहलुओं में प्रभावी संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने नए कौशल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। समापन के मौके पर जैन कॉन्फ्रेंस, कर्नाटक युवा शाखा के अध्यक्ष विकास कोठारी एवं बीजेएस कर्नाटक प्रांतीय महामंत्री आशीष भंसाली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रभावी संचार कौशल के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस मौके पर विनोद मोदी, हितेश छाजेड़ एवं नेहा चौधरी ने प्रशिक्षण दिया और अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का संस्थाओं की ओर से सम्मान किया गया।

बीजेएस के पर्सनलिटी डेवलपमेंट प्रमुख अभिषेक चंडालिया एवं सेमिनार चेयरमैन व शाखा के मंत्री महावीर क़ानूँगा का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर युवा शाखा की महत्वकांशी योजना 'साफ़ थाली अभियान' के चेयरमैन अभिषेक विनायकिया ने अभियान की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में युवा मार्गदर्शक सुनील लोढ़ा,बीजेएस कर्नाटक संस्थापक ओमप्रकाश लुणावत, कर्नाटक अध्यक्ष उत्तम बाँठिया, इगड कोषाध्यक्ष दिनेश लोढा, शांतिनगर चैप्टर अध्यक्ष प्रवीण सिंघवी आदि उपस्थित थे। संचालन अभिषेक चंडालिया ने किया। शाखा के महामंत्री मनोज बोहरा ने धन्यवाद दिया।

जैन समाज ने निकाली मौन रैली, सांसद व विधायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेलगावी जिले में जैन आचार्य कामकुमार नंदीजी की नृशंस हत्या के विरोध में ज्ञानोदय दिगम्बर जैन ट्रस्ट तथा जैन संघ के तत्वावधान में कुन्दनहल्ली गेट चौराहा पर जैन समुदाय ने रैली निकालकर मौन प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में मारथहल्ली, एचएएल, कुन्दनहल्ली गेट क्षेत्र के जैन समाज के बच्चे, युवा, वृद्ध तथा महिला-पुरुषों ने भाग लिया। प्रदर्शन में बेंगलूरु मध्य के सांसद पी.सी.मोहन एवं महादेवपुरा विधायक मंजुला अरविंद लिम्बावली भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सांसद एवं विधायक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। इस रैली में हर्ष जैन, मयूर जैन, आशीष जैन, आलोक जैन, सुरेश बागरेचा सहित जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

अन्नदान — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट के तत्वावधान में ओमप्रकाश पारसमल, पिंकीदेवी ओमप्रकाश जैन परिवार के सौजन्य से सोमवाती अमावस्या के मौके के पर कॉटनपेट मैन रोड पर अन्नदान का आयोजन किया जिसमें 750 लोगों ने लाभ लिया। संघ ट्रस्ट के अशोक चोपड़ा, कैलाश संखलेचा, सुरेश धोका, अनिल संखलेचा, भोपाल सोनवाडिया, जिनेश मेहता, महावीर हुंडिया, पारस श्रीश्रीमाल अशोक छाजेड़, देवेंद्र तातेड़, सुरेश लखानी, डूंगर चोपड़ा, राजेश गादिया, कुशल लुनिया, ललित धारीवाल, हर्ष सोनवाडिया आनंदराव, बबिता श्रीश्रीमाल, मधु तातेड़, कविता जैन आदि ने अपना सहयोग दिया। संघ के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा ने लाभार्थी परिवार को धन्यवाद दिया।

हरियाली अमावस्या पर कावेरी संगम में महिलाओं ने लगाई पवित्र डुबकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सावन मास की हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में समाज की महिलाओं ने श्रीरंगपट्टनम त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया तथा भगवान महादेव का पूजन कर जलाभिषेक किया। आनेकल सीरवी समाज वडेर भवन से सचिव रतनलाल भायल ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस मौके पर सहसचिव मुकनाराम कार्यकारिणी सदस्य माणकचंद परिहार, छगनलाल लेरचा आदि ने महिलाओं के धार्मिक कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम में लीलादेवी, मोहनीदेवी, प्यारीदेवी, तारादेवी, शायरीदेवी ने जरुरतमंदों को अन्न व फल वितरित किए।

डीएचएफएल-यस बैंक मामला

धीरज वधावन को जमानत देने से अदालत का इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। मुंबई में एक विशेष अदालत ने यस बैंक से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में जेल में बंद 'डीएचएफएल' के प्रवर्तक धीरज वधावन को स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान मिली पुलिस सुरक्षा के लिए 24 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया है।

अदालत ने 14 जुलाई को जमानत याचिका खारिज करने का आदेश सुनाया था जिसका विवरण सोमवार को उपलब्ध हुआ। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एम.जी. देशपांडे ने फैसले में कहा कि पुलिस को इस राशि की वसूली के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

न्यायाधीश ने कहा कि जिस बीमारी के इलाज के लिए जमानत मांगी गई है, उसके लिए लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने या अंतरिम जमानत की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपी के कथित अपराध की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

वधावन ने अपनी याचिका में इस आधार पर जमानत मांगी थी कि उन्हें हृदय संबंधी गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया था कि उन्हें जनवरी, 2018 में 38 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ा था, लिहाजा उन्हें स्विट्जरलैंड में आपातकालीन 'एंजियोप्लास्टी' करानी है। अदालत ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान अब काफी प्रगति कर चुका है और धमनियों को ठीक करने की प्रक्रिया कम समय में सफलतापूर्वक की जा सकती है।

अन्नदान प्रसादी — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

साध्वी डॉ.प्रतिभाश्रीजी की शिष्या साध्वीश्री आस्थाश्रीजी, श्रद्धाश्रीजी, परिज्ञाश्रीजी व प्रणतिश्रीजी की निश्रा में केजीएफ के जैन स्थानक के समक्ष उपप्रर्वतिनी चरित्राप्रभाश्रीजी की75 जयंती व अमावस्या के उपलक्ष्य में अन्नदान किया गया। एसएस जैन संघ के युवा पदम सोनी, संदीप डागा, रितेश दुगड़, संजय दुगड़, हितेश चौपड़ा, रोनक कोचेटा, शुभम मुथा, दर्शन दुगड़, रोशन दुगड़ आदि ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

भाजपा के पतन की शुरुआत कर्नाटक से शुरू हो चुकी है : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगा और भाजपा के पतन की शुरुआत कर्नाटक से हो गई है, जहां पार्टी मई में विधानसभा चुनाव हार गई थी। सिद्दरामैया ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव हार जाएगी क्योंकि पार्टी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिलेगा।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, महंगाई आ गई और अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई।

किसानों, दलितों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए गुजारा करना मुश्किल हो गया है। सांप्रदायिकता के कारण लोगों ने अपनी शांति भी खो दी है। लोग भय में जी रहे हैं। यह भाजपा का उपहार है।'

भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि विपक्षी नेता मोदी के डर से एकजुट हो रहे हैं, सिद्दरामैया ने कहा, 'क्या हमने मोदी का सामना नहीं किया? क्या हम कर्नाटक में मजबूत नहीं हैं? (विधानसभा चुनाव के दौरान) मोदी जहां कहीं भी प्रचार के लिए गए, वहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा का पतन कर्नाटक से शुरू हो गया है।'

जनता दल (एस) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से हाथ मिलाने की संभावना पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी (जद-एस) की कोई विचारधारा नहीं है क्योंकि उसने राज्य में सरकार बनाने के लिए एक बार भाजपा के साथ गठबंधन किया था। अगले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की योजना तैयार करने के लिए 23 विपक्षी दलों के नेताओं के सोमवार और मंगलवार को बेंगलूरु में एकत्र होने की उम्मीद है।

उत्तराखंड को 2025 तक 'मादक पदार्थ से मुक्त' राज्य बनाने का लक्ष्य : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

देहरादून/भाषा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश को 'नशा मुक्त' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसके लिए हर स्तर पर कार्य योजना बनाकर कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, उत्तराखंड को 2025 तक मादक पदार्थ से मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए हर स्तर पर कार्य योजना बनाकर काम किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में वर्चुअल रूप से हिस्सा लेते हुए धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार भी नशा तस्करी को रोकने व इसके तंत्र को ध्वस्त करने के लिए कारगर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर लोगों विशेषकर युवाओं में नशे के खिलाफ जागरुकता बढ़ाई जा रही है तो दूसरी ओर नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी

कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभी तक एनडीपीएस अधिनियम के तहत 586 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 742 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम एवं इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रदेश में पिछले साल त्रिस्तरीय मादक पदार्थ रोधी कार्य बल का गठन किया गया है।

धामी ने कहा कि प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य नियमावली को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति को रोकने और नशाग्रस्त व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में नशा मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाया जा रहा है।

धामी ने कहा कि वर्तमान में राज्य में नशे की लत वाले लोगों के लिए चार एकीकृत पुनर्वास केंद्र संचालित हैं जबकि नई दिल्ली स्थित एम्स की सहायता से एक एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी (एटीएफ) का भी संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने उत्तरकाशी, चम्पावत, अल्मोड़ा एवं श्रीनगर में भी एटीएफ के संचालन की स्वीकृति दे दी है जहां मादक पदार्थ का सेवन करने के आदती लोगों का उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले की शिक्षण संस्थानों में मादक पदार्थ रोधी क्लब कमेटी का गठन किया गया है जिसमें सदस्य के रूप में संस्थान के ही जागरुक विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रधानाचार्य को सम्मिलित किया गया है।

धामी ने कहा कि छठी से लेकर 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में मादक पदार्थ के विषय को सम्मिलित करने के लिए उत्तराखंड सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को एक प्रस्ताव भेजा है।

अठावले ने विपक्ष को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए एक नाम घोषित करने की चुनौती दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 350 से अधिक सीटें जीतने और नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का भरोसा जताते हुए सोमवार को विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए एक नाम घोषित करने की चुनौती दी।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री अठावले ने बेंगलूरु में विपक्षी दलों की बैठक के बारे में बात करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेताओं का एकमात्र एजेंडा मोदी का विरोध करना है।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख अठावले ने कहा कि राजग की बैठक 18 जुलाई को दिल्ली में हो रही है और मोदी का समर्थन करने के लिए नई पार्टियां राजग में शामिल हो रही हैं और उनकी पार्टी भी 2024 के चुनावों के लिए मोदी का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी

सभी धर्म और समुदाय के लोगों के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन विपक्ष का एकमात्र लक्ष्य मोदी को हराना है, जो संभव नहीं है। उन्होंने कहा, विपक्ष नरेन्द्र मोदी को हराना चाहता है लेकिन नरेंद्र मोदी को हराना बच्चों का खेल नहीं है। नरेन्द्र मोदी ने देश के लिए काम किया है। मोदी ने देश को मजबूत करने के लिए काम किया है।

अठावले ने कहा, विपक्षी दल एकसाथ आ रहे हैं और उन्हें नरेन्द्र मोदी का विरोध करने का अधिकार है। हमारा (राजग सरकार का) एजेंडा केवल देश और लोगों का विकास है और इसलिए लोग नरेन्द्र मोदी के साथ हैं। मुझे विश्वास है कि राजग 2024 के चुनावों में 350 से अधिक सीटें जीतेगा और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने दावा किया कि मोदी न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में नंबर एक लोकप्रिय नेता हैं और विपक्ष ऐसे नेता को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें मोदी जी का जितना विरोध करना है करने दीजिए, लेकिन 2024 में भी नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

अठावले ने कहा, कुछ 23-24 दलों के नेता बेंगलूरु में (विपक्ष की) बैठक में भाग ले रहे हैं, लेकिन उनके पास प्रधानमंत्री पद के लिए कोई चेहरा नहीं है। मैं विपक्ष से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए एक नाम की घोषणा करने के लिए कहता हूं, जैसे राजग के पास प्रधानमंत्री पद के लिए केवल एक चेहरा है और वह नरेन्द्र मोदी हैं जो हमारे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। जब आप (विपक्ष) कहते हैं कि आप सभी एक हैं, तो प्रधानमंत्री पद के लिए एक चेहरे की घोषणा करें। अठावले ने कहा, वे (विपक्ष) जो भी करना चाहते हैं उन्हें करने दीजिये, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि हम (राजग) 2024 के लोकसभा चुनाव में 350 से अधिक सीटों के साथ जीत हासिल करेंगे।

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अठावले ने कहा कि प्रस्तावित कानून मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, यूसीसी मुसलमानों का विरोधी नहीं है। यह (यूसीसी) मुसलमानों और हिंदुओं की एकता को मजबूत करेगा।

धन शोधन मामले में तमिलनाडु के मंत्री, उनके सांसद बेटे पर ईडी के छापे

द्रमुक ने कार्रवाई को 'प्रतिशोध' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी तथा उनके बेटे एवं सांसद गौतम सिगमनी के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी ने मंत्री के परिसर से करीब 70 लाख रुपये और कुछ पौंड बरामद किये हैं। तलाशी के दौरान पिता-पुत्र के बयान भी दर्ज किए जा सकते हैं।

तमिलनाडु के परिवहन मंत्री सेंथिल बालाजी के बाद पोनमुडी (72)मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के मंत्रिमंडल के दूसरे मंत्री हैं, जो जांच एजेंसी के दायरे में आए हैं। इससे पहले जून में बालाजी को कथित नौकरी के बदले नकद धन राशि से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

सूत्रों ने बताया कि राजधानी चेन्नई के अलावा पोनमुडी के गढ़ विल्लुपुरम में परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। वहीं, सत्तारूढ़ द्रमुक ने छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सशस्त्र जवानों की मौजूदगी में ईडी ने कार्रवाई को अंजाम दिया और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री पोनमुडी विल्लुपुरम जिले की तिरुक्कोयिलुर विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि उनके बेटे सिगमनी लोकसभा में कल्लाकुरिची सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि ईडी 'चुनाव अभियान' में शामिल हो गई है। धन शोधन का यह मामला 2007 से 2011 बीच बरती गई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है, जब पोनमुडी तमिलनाडु के खनन मंत्री थे। उन पर खदान लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन के आरोप लगे थे और इससे सरकारी खजाने को लगभग 28 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया था।

राज्य पुलिस ने मंत्री और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के इन आरोपों की जांच के लिए एक शिकायत दर्ज की थी। इसके बाद सिगमनी ने राहत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, लेकिन जून में अदालत ने सुनवाई पर रोक से इनकार कर दिया था।

मंत्री पर अपने बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए खनन/खदान लाइसेंस प्राप्त करने और लाइसेंसधारियों पर तय सीमा से अधिक बालू के उत्खनन करने का आरोप है। द्रमुक प्रवक्ता ए सरवनन ने कहा, 'यह राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई है और इसका उद्देश्य द्रमुक के संकल्प को तोड़ना है।''

उन्होंने आरोप लगाया कि गुटखा घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मामलों में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेताओं के खिलाफ केंद्रीय अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ईडी ने हाल में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्रिमंडल के एक अन्य मंत्री सेंथिल बालाजी पर भी इसी तरह की कार्रवाई की थी। इससे पहले, परिवहन मंत्री सेंथिल बालाजी को कथित नौकरी के बदले नकद धन राशि से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। स्टालिन और द्रमुक ने कुछ समय पहले बालाजी पर की गई ईडी की कार्रवाई को भी केंद्र की डराने-धमकाने की 'राजनीति' बताया था।

चुनाव प्रचार में शामिल हो गया है ईडी : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद सोमवार को इसे केंद्रीय जांच एजेंसी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 'चुनाव प्रचार' में शामिल हो गई है। कांग्रेस की ओर बुलाई गई विपक्ष की बैठक में बेंगलूरु रवाना होने से पहले स्टालिन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दिवंगत जे जयललिता के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सरकार में 13 साल पहले पोनमुडी के खिलाफ यह 'झूठा मामला' दर्ज किया गया था।

स्टालिन ने कहा, जहां तक तमिलनाडु का सवाल है, राज्यपाल आर एन रवि पहले से ही चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अब ईडी (चुनाव परिदृश्य) भी इसमें शामिल हो गई है। मुझे लगता है कि ऐसे में हमारे लिए चुनाव कार्य आसान हो जाएगा। ईडी की छापेमारी पर स्टालिन ने कहा, 'द्रमुक जरा भी चंतित नहीं है।' उन्होंने कहा कि यह ध्यान भटकाने के लिए रचाया गया 'नाटक' है। उन्होंने कहा कि लोग सब देख रहे हैं और 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देंगे। राज्यपाल आरएन रवि और द्रमुक सरकार के बीच लंबित फाइलों और विधेयकों सहित कई मुद्दे पर टकराव होता रहा है। द्रमुक उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारी की तरह काम करने का आरोप लगाती रहती है।

ईडी जिस धन शोधन मामले में जांच कर रही है वह अन्नाद्रमुक सरकार के कार्यकाल में दर्ज किया गया था। इस सिलसिले में चेन्नई और विल्लुपुरम में द्रमुक नेता और उच्च शिक्षा मंत्री पोनमुडी से जुड़े परिसरों पर तलाशी ली गई। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि यह अन्नाद्रमुक थी जो राज्य में एक दशक तक लगातार सत्ता में रही लेकिन उसने इस मामले में कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि पोनमुडी को हाल ही में अन्नाद्रमुक सरकार के कार्यकाल में दर्ज एक अन्य मामले में बरी किया गया था और वह इस मामले का भी कानूनी रूप से सामना करेंगे।

मुख्यमंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए 17 और 18 जुलाई को विपक्ष की बैठक बुलाई गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'भारत खुद खतरे का सामना कर रहा है और विपक्ष की यह बैठक देश को बचाने के लिए है।'

कर्ज के बोझ से दबे पति ने पत्नी और बेटी की हत्या की, आत्महत्या का प्रयास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अपने ऊपर जमा कर्ज नहीं चुका पाने से निराश 32 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने सोमवार को थाजम्बूर में अपनी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी और आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि थजम्बूर का अरविंदन अपनी पत्नी सुजाता और बेटी ऐश्वर्या (7) के साथ एक अपार्टमेंट में रह रहा था।

अरविंदन विलासितापूर्ण जीवन जीने के लिए अपनी आय से अधिक पैसा खर्च करता था। अरविंदन पर 17 लाख से अधिक का कर्ज है और वह अपने मासिक वेतन से ब्याज भी नहीं चुका पा रहे थे। इससे निराश होकर अरविंदन ने अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने का फैसला किया।

उसने नींद की गोलियाँ खरीदने की कोशिश की लेकिन डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना उसे कहीं भी नींद की गोलियाँ नहीं मिल सकीं। रविवार की रात अरविंदन विशेष गोलियां लेकर आया और उसे दूध में मिलाकर सोने से पहले अपनी पत्नी और बेटी को दे दिया।

पुलिस ने बताया कि दोनों के बेहोश होने के बाद अरविंद ने उनकी कलाई काट ली और कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। इसके बाद अरविंदन ने दूध पी लिया और अपनी कलाई काट ली और बेहोश हो गया। सोमवार सुबह रिश्तेदारों ने अरविंदन और आयश्वरा को फोन करने की कोशिश की, लेकिन जब उन्होंने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने पड़ोसियों को घर की जांच करने के लिए सचेत किया। पड़ोसियों ने पाया कि घर अंदर से बंद था और दंपति की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सूचना पर, मौके पर पहुंची थजम्बूर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और उन्होंने पाया कि अरविंदन गंभीर हालत में बेहोश पड़ा था, जबकि उसकी पत्नी और बेटी की मौत हो चुकी थी।

मीनाक्षी मंदिर के पास प्लास्टिक की दुकान में आग लगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। तमिलनाडु में मदुरै स्थित प्रसिद्ध श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के पास एक प्लास्टिक की दुकान में सोमवार को आग लगने से कई लाख रुपये मूल्य का सामान जल कर नष्ट हो गया। पुलिस ने कहा कि आज सुबह नियमित बिक्री के लिए दुकान खुलने के बाद भूतल में आग लग गई, जो पहली मंजिल तक फैल गई। तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मी सात दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और पांच घंटे तक जूझने के बाद आग पर काबू पा लिया। प्लास्टिक उत्पाद जलने के कारण दुकान से अभी भी गहरा धुआं निकल रहा है। दमकल कर्मियों ने आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोका। पुलिस ने एहतियात के तौर पर साउथ मासी स्ट्रीट पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है।

आग लगने की घटना में किसी के घायल होने की रिपोर्ट नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

मंत्री सेंथिल बालाजी को निजी अस्पताल से केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नौकरी के बदले धन मामले में गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी को सोमवार को एक निजी अस्पताल से यहां पुझल केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मंत्री को जेल में ए' श्रेणी की सुविधाएं दी गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नियमों के अनुरूप बालाजी को निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

पिछले महीने ईडी ने मंत्री को गिरफ्तार किया था और यहां की एक अदालत ने उन्हें 26 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। गिरफ्तारी के बाद बालाजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हाल में यहां एक निजी अस्पताल में उनकी कोरोनरी बाईपास सर्जरी हुई थी। मंत्री को पुलिस सुरक्षा के बीच सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल से पुझल जेल ले जाया गया।

तमिलनाडु बीजेपी चाहती है कि

स्टालिन विपक्षी संयुक्त बैठक के दौरान मेकेदातु बांध का मुद्दा उठाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को बेंगलूरु में विपक्ष की बैठक के दौरान मेकेदातु बांध मुद्दे पर कर्नाटक सरकार की कार्रवाई की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कावेरी प्रबंधन बोर्ड मौजूद है तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री को यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि वह तमिलनाडु को पानी नहीं देंगे।

बीजेपी नेता ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कर्नाटक की कार्रवाई की निंदा किए बिना तमिलनाडु लौटते हैं, तो पार्टी काले झंडे के साथ प्रदर्शन करेगी। एक बयान में उन्होंने कहा कि पार्टी सब्जियों की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ 23 जुलाई को विरोध प्रदर्शन करेगी। अन्नामलाई ने कहा कि पार्टी पूरे तमिलनाडु में 12,600 ग्राम पंचायतों में विरोध प्रदर्शन करेगी। बेंगलूरु में विपक्ष की बैठक पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी इसके बारे में जानना नहीं चाहता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्ति के खिलाफ गठबंधन तीन महीने से ज्यादा नहीं टिकेगा।

नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में तमिलनाडु तटीय राज्यों में शीर्ष पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक 2022 में तमिलनाडु तटीय राज्यों में महाराष्ट्र और गुजरात को पीछे छोड़कर शीर्ष राज्य बन गया है। सूचकांक का मकसद राज्यों की निर्यात क्षमता और प्रदर्शन के लिहाज से उनकी तैयारी का आकलन करना है।

आयोग ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि तटीय राज्यों की रैंकिंग में तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केरल का स्थान है।

पहाड़ी/हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड शीर्ष स्थान पर है। इसके बाद हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम का स्थान है। भूमि से घिरे राज्यों में हरियाणा शीर्ष पर है। इसके बाद तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश और राजस्थान का स्थान रहा। केंद्र शासित प्रदेशों और छोटे राज्यों की श्रेणी में गोवा को पहला स्थान मिला। इसके बाद जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, अंडमान और निकोबार और लद्दाख का स्थान था। इस सूचकांक के लिए राज्यों का मूल्यांकन चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है- नीति, व्यापार माहौल, निर्यात माहौल और निर्यात प्रदर्शन।

पेरम्बूर में नालियां खुली छोड़े जाने से पैदल चलने वालों को खतरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पेरम्बूर के निवासियों ने पेरम्बूर हाई रोड में वेंकटरमन स्ट्रीट पर रेलवे पटरियों के बगल में तूफानी जल निकासी की तत्काल बहाली की मांग की है, जिसे जनता के जीवन को खतरे में डालते हुए खुला छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले साल गाद निकालने के लिए हटाए गए नालों के ढक्कन अभी तक नहीं बदले गए हैं। कई क्षेत्रों में एसडब्ल्यूडी के ढक्कन ढह गए हैं, जिससे पैदल चलने वालों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

स्थानीय निवासी ने कहा कि यह मुद्दा 2022 के बाद से अनसुलझा है। नागरिक निकाय को तूफान जल नालियों के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहिए और मुख्य बस मार्ग पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह कार्यात्मक फुटपाथ प्रदान करना चाहिए। आगे इसमें कहा गया कि यह मुद्दा बहुत लंबे समय से बना हुआ है। हमने निगम अधिकारियों से शिकायत की है। दुर्भाग्य से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

फुटपाथ की बिगड़ती हालत के कारण कई बार टूट-फूट हुई है, जिससे नीचे का एसडब्ल्यूडी उजागर हो गया है। खुली नालियाँ मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बन गई हैं, जिससे निवासियों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। कार्यकर्ताओं ने पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत से पहले नालों से तत्काल गाद निकालने और मैनहोलों को उचित रूप से बंद करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पुझल मुरुगेसन स्ट्रीट, चिन्नैया नई कॉलोनी दूसरी मुख्य सड़क और पटेल रोड में खुले मैनहोल पेरम्बूर के स्थानीय लोगों के लिए चिंता का अतिरिक्त स्रोत हैं।

चंद्रयान-3: कक्षा की ओर बढ़ने की दूसरी प्रक्रिया सफल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 ने दूसरी कक्षा की ओर बढ़ने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। चन्द्रयान-3 को शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था। इसरो ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-3 के ऊपरी कक्षा में पहुंचने की दूसरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष यान अब 41762 किलोमीटर गुणा 173 किलोमीटर की कक्षा में है। उसने कहा कि अगला चरण मंगलवार अपराह्न दो बजे से तीन बजे के बीच प्रस्तावित है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान पूरी तरह से सामान्य और सुरक्षित है।

इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान अब 41603 किलोमीटर गुणा 226 किलोमीटर की कक्षा में है। उसने कहा कि अगला चरण मंगलवार अपराह्न दो बजे से तीन बजे के बीच प्रस्तावित है। इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 को चंद्रमा की पहली कक्षा' में बढ़ाने की प्रक्रिया आज सफलतापूर्वक पूरी की। इस प्रकार की प्रक्रिया चार बार और की जाएगी, जिसके बाद यह चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेगा। इसरो ने कहा, अंतरिक्ष एजेंसी 31 जुलाई तक पृथ्वी से जुड़े चार और अर्थ बाउंड मनूवर' करेगी जिसके बाद एक अगस्त को ट्रांस लूनर इंसर्शन होगा। चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान को इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम4 द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था और लगभग 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद इसे 36,500 किमी गुणा 170 किमी की अण्डाकार पार्किंग कक्षा में स्थापित किया गया था।

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण के बाद कहा कि 23 जुलाई को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रयान-3



अंतरिक्ष यान की चंद्रमा की सतह पर तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण सॉफ्ट लैंडिंग की योजना है।

चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (एलएम), प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है। चंद्रयान-3 की सफलता से यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के सबसे करीब का सतही मिशन पूरा करेगा, जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है। चंद्रमा का एक क्षेत्र जो भौगोलिक रूप से अद्वितीय है।

उन्होंने कहा कि चंद्रमा की सतह पर परफेक्ट सॉफ्ट लैंडिंग से भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा, जिससे वह अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के चुनिंदा समूह में शामिल हो जाएगा। इससे पहले ऐसा कारनामा करने वाले देश अमेरिका, सावियत संघ और चीन है जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

भारत ने भी जुलाई 2019 में चंद्रयान-2 प्रक्षेपित कर अपने पहले प्रयास में करीब करीब यह उपलब्धि हासिल कर ली थी, लेकिन इससे पहले ही लैंडर लैंडिंग स्थल के बहुत करीब पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उन्होंने बताया कि मिशन लगभग 99.99 प्रतिशत सफल रहा था। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के माध्यम से इसरो अपने चंद्र मॉड्यूल द्वारा चंद्र सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन करके और चंद्र भूभाग पर घूमकर नई- नई सीमाएं पार कर रहा है। चन्द्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग करने पर इसरो के भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों के लिए सहायक सिद्ध होने की उम्मीद है।

इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और पूरी तरह से प्रयासरत है और अपनी सफलता की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है।

प्रेमी के सामने दलित किशोरी के साथ कॉलेज के तीन छात्रों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

जोधपुर/जयपुर। अजमेर से अपने पुरुष मित्र के साथ भागी 17 वर्षीय दलित किशोरी के साथ जोधपुर में तीन लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। इससे पहले उन्होंने पुरुष साथी की कथित पिटाई भी की गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किशोरी के साथ उसके पुरुष मित्र के सामने सामूहिक बलात्कार करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब 4 बजे पुराने जेएनवी विश्वविद्यालय परिसर के हॉकी ग्राउंड में हुई।

अधिकारी ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के तीनों आरोपी एक छात्र नेता के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो छात्र संघ चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से टिकट पाने को प्रयासरत है। हालांकि, एबीवीपी ने कहा कि आरोपी का उससे कोई संबंध नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने गृह नगर जोधपुर में हुई घटना के बारे में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा से बात की और उन्हें आरोपियों को सख्त सजा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गहलोत ने कहा कि पुलिस ने जिस तत्परता से आरोपियों को गिरफ्तार किया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर पीड़िता को न्याय दिलाएगी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का जयपुर और जोधपुर में प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जोधपुर में एक दलित लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जयपुर और जोधपुर में प्रदर्शन किया और दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय के सामने और जोधपुर में जेएनवी विश्वविद्यालय के पुराने परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। यह मामला सोमवार को विधानसभा में भी उठा, जहां मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए।

एनएसयूआई ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं का इस घटना से संबंध होने का भी आरोप लगाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि, एबीवीपी ने इन आरोपों को खारिज किया। एनएसयूआई नेता रमेश भाटी ने जयपुर में कहा, ''यह घटना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। अपराध में शामिल लोगों को मौत की सजा दी जानी चाहिए। घटना से पूरे राज्य की जनता आक्रोशित है।''

एक अन्य नेता ने एबीवीपी पर आरोप लगाया, ''एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शिक्षण संस्थानों का माहौल खराब किया है। भाजपा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की बात करती है और कुछ दिन पहले एबीवीपी ने महिला सुरक्षा को लेकर रैली निकाली थी, लेकिन कल जोधपुर में विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक बलात्कार में एबीवीपी कार्यकर्ताओं की संलिप्तता की बात सामने आई है।'' एनएसयूआई ने जोधपुर में भी प्रदर्शन किया, जहां यह घटना हुई थी। यह मुद्दा सोमवार को विधानसभा में भी उठा, जहां शून्यकाल के दौरान भाजपा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के विधायकों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अपने प्रेमी के साथ घर छोड़ने वाली 17 वर्षीय दलित लड़की के साथ रविवार तड़के जोधपुर के पुराने जेएनवी विश्वविद्यालय परिसर के हॉकी मैदान में उसके प्रेमी के सामने तीन आरोपियों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (जोधपुर पूर्व) अमृता दुहन ने रविवार को कहा था कि आरोपी एक छात्र नेता के लिए प्रचार कर रहे थे, जो छात्र संघ चुनाव के लिए एबीवीपी से टिकट मांग रहा है। हालांकि, एबीवीपी ने कहा कि आरोपी का उससे कोई संबंध नहीं है।

भाजपा ने विधानसभा से दो बार बहिर्गमन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को सत्र के दौरान विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर सदन से दो बार बहिर्गमन किया। भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण दिन में सदन की कार्रवाई 15 मिनट के लिए स्थगित भी करनी पड़ी। प्रश्नकाल के दौरान विधायक चंद्रकांता मेघवाल के खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों से जुड़े एक सवाल पर जब नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पूरक प्रश्न पूछना चाहा तो विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी ने इसे 'अप्रासंगिक' बताते हुए अनुमति नहीं दी। इस पर राठौड़ ने आपत्ति जताई। भाजपा के कई और विधायक बोलने लगे तो सभापति ने कहा कि यह उनका विशेषाधिकार है। इसके बाद भाजपा विधायक आसन के सामने आकर नारेबाजी करने लगे और थोड़ी देर बाद सदन से बहिर्गमन कर गए। इसी तरह शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष राठौड़ व उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी और जोधपुर में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य हालिया घटनाओं पर सरकार का जवाब मांगा। इसके बाद भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए आसन के सामने आ गए। हालांकि सभापति ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया और भाजपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

वहीं बाद में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान सिरोही से निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने जोधपुर में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म को लेकर एक टिप्पणी की जिस पर भाजपा के विधायकों ने नाराजगी जताते हुए विरोध किया। सभापति जे पी चंदेलिया ने कहा कि जिस टिप्पणी पर भाजपा के सदस्यों को आपत्ति है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाएगा। हालांकि हंगामा चलता रहा और सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की गई बाद में सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई तो विधेयक को पारित कर दिया गया।

जयपुर में 'इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज' स्थापित होगा

जयपुर। जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में 'इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एंड ऑप्थेलमोलॉजी' की स्थापना होगी। इसके लिए 293.79 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रस्तावित संस्थान के भवन निर्माण तथा पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए 293.79 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार इस संस्थान के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सालय के समीप स्थित नर्सिंग हॉस्टल में भूमिगत पार्किंग सहित नौ मंजिला भवन बनेगा। वर्ष 2023-24 में इस पर 50 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2023-24 में सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में 'इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एंड ऑप्थेलमोलॉजी' की स्थापना तथा वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान 75 करोड़ की लागत से पार्किंग सुविधा विकसित किये जाने की घोषणा की थी।

राजस्थान में रेडक्रॉस के तहत हो रहा है प्रभावी काम : मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में रेडक्रॉस के तहत प्रभावी काम हो रहा है। राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में राजभवन से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए भाग लिया।

राजभवन के बयान के अनुसार राष्ट्रपति के संबोधन के बाद रेडक्रॉस सोसायटी का कार्यवाही सत्र आयोजित किया गया। राज्यपाल मिश्र ने इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस सोसायटी के सुदृढ़ीकरण और इसके जरिए हो रहे विशिष्ट कार्यों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेडक्रॉस के जरिए आपदा के समय ही नहीं बल्कि निरंतर समाज सेवा का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में रेडक्रॉस के तहत जरूरतमंदों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की प्रभावी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान रेडक्रॉस ने जो कार्य किया वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है, इसे समझते हुए ही रेडक्रॉस और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए सभी स्तरों पर कार्य करने की देशभर में आवश्यकता है। रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक को देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपालों और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने संबोधित किया।

रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपंप लगाने में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारी को नोटिस : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपंप शुरू करने में देरी के मामले अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डॉ. जोशी ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2021-2022 में रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 नलकूपों एवं 14 हैण्डपम्पों की स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सभी 10 नलकूप तथा 09 हैण्डपम्प चालू किये जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि शेष रहे 5 हैण्डपंपों में से 3 में ड्रिलिंग का कार्य पूरा हो चुका है तथा दो में प्रक्रिया जारी है।

इससे पहले उन्होंने विधायक अभिनेष महर्षि के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य बजट वर्ष 2021-2022 में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आवश्यकतानुसार 40 हैण्डपम्प एवं 10 नलकूप लगवाए जाने की घोषणा की गई थी। उक्त बजट घोषणा की अनुपालना में विभाग द्वारा चूरू जिले में 69 नलकूपों एवं 44 हैण्डपम्पों के निर्माण की स्वीकृतियां जारी की गई। उन्होंने विधानसभावार विवरण सदन के पटल पर रखा। डॉ. जोशी ने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में विधान सभा क्षेत्र रतनगढ़ में 10 नलकूपों एवं 14 हैण्डपम्पों के निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई। जिनमें से सभी 10 नलकूपों व 09 हैण्डपम्पों को निर्मित किया जाकर चालू किया जा चुका है तथा अब कोई भी नलकूप विधुत सम्बन्ध के अभाव में चालू किया जाना शेष नहीं है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत 14 हैण्डपम्पों में से 09 हैण्डपम्पों को निर्मित किया जाकर चालू किया जा चुका है तथा शेष पांच हैंडपम्पों के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी किये जा चुके हैं।

पटवारी 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने सोमवार को जयपुर में एक पटवारी को 50 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। ब्यूरो के बयान के अनुसार हल्का रोजदा, उप तहसील मुंडोता (आमेर) के पटवारी अविकार शर्मा को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। इसके अनुसार परिवादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि आवासीय कॉलोनी में दो भूखंडों की भूमि से रास्ता नहीं निकालने और इस प्रक्रिया पर रोक के लिए समय देने की एवज में आरोपी पटवारी अविकार शर्मा द्वारा एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग करके परेशान किया जा रहा है।

बीजेपी का मतलब भ्रष्टाचारी, जातिवादी एवं पक्षपाती : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बीजेपी का मतलब भ्रष्टाचारी, जातिवादी एवं पक्षपाती हैं। डोटासरा ने अपने बयान में कहा कि देश में शिक्षा, सूचना एवं खाद्य सुरक्षा का कानून लाने वाली यूपीए का फुल फॉर्म तो देशवासियों के हृदय में है, लेकिन बीजेपी का सही फुलफॉर्म बी का मतलब भ्रष्टाचारी, जे का जातिवादी एवं पी का मतलब पक्षपाती हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने नारा दिया है कि नहीं सहेगा राजस्थान। पर राजस्थान की जनता सोचती है कि नहीं रुकेगा राजस्थान। जो कांग्रेस पार्टी का मिशन है वर्ष 2030 तक राजस्थान को नंबर एक बनाना है और उस मिशन से नहीं रुकेगा राजस्थान। उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ज़्यादतियां नहीं सहेगा राजस्थान।

डोटासरा ने कहा कि हम बार बार यह कहते हैं कि अपराधी की ना कोई जाति होती है, ना कोई धर्म और ना कोई पार्टी। अपराधी केवल अपराधी होता है। लेकिन भाजपा हर घटना को राजनैतिक रंग देकर बेवजह सरकार और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने का षड्यंत्र रचती है।अब भाजपा के स्टूडेंट विंग एबीवीपी से संबंधित एक कार्यकर्ता द्वारा दुष्कर्म जैसे घिनोने काम में लिप्त होने की पुलिस रिपोर्ट के बाद अब भाजपा के लोग क्या जवाब देंगे। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय में राजस्थान को देश में अग्रणी बताते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा दी जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जहां करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं वाल्मीकि कोष को 20 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ कर देने से वंचित वर्ग की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा थोपी गई महंगाई से निपटने में देश के पहले और अकेले महंगाई राहत कैंपों ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की थोपी गई महंगाई को नहीं सहेगा राजस्थान।

शिरकत

मेड़ता विधानसभा में जनसंपर्क महाअभियान के अंतर्गत सोमवार को भोजन परिचर्चा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक शिरकत करती भाजपा सांसद दिया कुमारी।

कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

कोटा। राजस्थान के कोटा में कोचिंग छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के बीच रविवार को एक और कोचिंग छात्र ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के जालौर निवासी कोचिंग छात्र पुष्पेंद्र (17) नीट में प्रवेश की तैयारी के सिलसिले में करीब एक सप्ताह पहले ही पिछले ही कोटा आया था। वह यहां राजीव गांधी नगर के एक हॉस्टल में अपने ममेरे भाई के साथ संयुक्त रूप से एक ही कमरे में रह रहा था। बताया जाता है कि सोमवार को पुष्पेंद्र बिल्कुल ठीक-ठाक था और दिन भर अपनी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था लेकिन शाम को उसने अपने ममेरे भाई को नाश्ता लेने के बहाने जिद कर जबरन बाजार भेजा। जब ममेरा भाई वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और बार-बार खटखटाने के बावजूद पुष्पेंद्र ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने हॉस्टल के प्रबंधक को बुलाया।प्रबंधक ने जब कमरे की खिड़की को खोल कर देखा तो पुष्पेंद्र पंखे से लटका हुआ नजर आया।

सूचना देने पर जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा जैसे-तैसे खोलकर भीतर प्रवेश किया और पुष्पेंद्र को शव को कोटा के अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। पुलिस के सूचना दिए जाने के बाद मृतक छात्र पुष्पेंद्र के परिवारजन सोमवार सुबह जालौर से कोटा पहुंचे जिनका रो-रो कर बुरा हाल था।

ठहराव

बीकानेरवासीयों की माँग पर सोमवार को संसदीय क्षेत्र बीकानेर के देशनोक रेलवे स्टेशन पर बाड़मेर-ऋषिकेश-बाड़मेर व बीकानेर-दादर-बीकानेर एक्स्प्रेस के ठहराव का शुभारंभ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करते केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल।

अगस्त में आयोजित होगा नेशनल हैण्डलूम वीक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। बुनकर, हथकरघा एवं खादी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 3 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित होने वाले नेशनल हैण्डलूम वीक के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को यहाँ उद्योग भवन में विशिष्ट शासन सचिव श्रीमती नेहा गिरी एवं आयुक्त ओम कसेरा की मौजूदगी में आयोजित हुई।

समीक्षा बैठक में श्रीमती गिरी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जवाहर कला केंद्र में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय नेशनल हैण्डलूम वीक की तैयारियां कार्ययोजना के अनुरूप, टीम भावना के साथ एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।

उन्होंने स्टॉल्स की संख्या एवं उन पर मिलने वाले उत्पादों की जानकारी लेते हुए खादी बोर्ड, रूडा, बुनकर संघ एवं सम्बन्धित संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टॉल पर लगाए जाने वाले उत्पादों की विभिन्नता एवं उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आमजन प्रदेश की विभिन्न हैण्डलूम शैली से परिचित हो पाएं एवं उसकी खरीद कर सकें। अतिरिक्त निदेशक एस एस शाह ने बताया कि आयोजन स्थल पर 80 से अधिक स्टॉल लगाने की कार्ययोजना पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने राजस्थान हैण्डलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से प्रदर्शित किए जाने वाले विभिन्न हथकरघा उत्पादों की जानकारी लेकर आरएचडीसी उपप्रबंधक को निर्देश दिए कि विशिष्ट हैण्डलूम उत्पादों को आयोजन स्थल पर रखा जाए।

प्लास्टिक कचरे के निस्तारण व रिसाइक्लिंग की हो उचित व्यवस्था : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने प्रदेश में 15 वर्ष से पुराने वाहनों को लेकर बनाई गई स्क्रेप नीति की पालना करते हुए स्क्रेप व प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण व रिसाइक्लिंग के निर्देश दिए। उन्होंने ई-वेस्ट तथा बैटरी चालित वाहनों की पुरानी बैटरियों का भी वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण के लिए कहा। इसके अलावा, उन्होंने कचरा बीनने वालों के साथ कार्यशाला आयोजित कर उन्हें कचरे को अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा

सोमवार को शासन सचिवालय में चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक गतिविधियों की निगरानी के लिए गठित राज्य स्तरीय कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक स्क्रेप नीति की पालना करते हुए 15 वर्ष से पुरानी गाड़ियों के स्क्रेप, पुरानी बैटरी एवं टायर इत्यादि का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

प्लास्टिक कचरे को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि घर-घर जाकर इसका संग्रहण किया जाए तथा रिसाइकिल और नॉन रिसाइकिल किए जाने योग्य कचरे को अलग-अलग एकत्र किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर गैर पुनर्चक्रित कचरे को सड़कों के निर्माण में इस्तेमाल करने की व्यवस्था की जाए।

मुख्य सचिव ने बायो वेस्ट तथा अन्य प्रकार के कचरे की उचित रिसाइक्लिंग के निर्देश दिए। बैठक में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

विपक्षी गठबंधन भानुमति का कुनबा, न नेता है, ना ही कोई नीति : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देशहित पर आधारित है और इसका लक्ष्य सेवा करना है, जबकि विपक्षी दलों के गठबंधन की बुनियाद 'स्वार्थ' पर टिकी है तथा उसके पास न तो कोई नेता है, न कोई नीति है और ना ही निर्णय लेने की कोई क्षमता।

राजग की मंगलवार को होने वाली बैठक से एक दिन पहले यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज राजग के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है। यह एक आदर्श गठबंधन है। यह सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए गठबंधन है। यह गठबंधन भारत को मजबूत बनाने के लिए है।

उन्होंने कहा कि राजग की मंगलवार शाम होने वाली बैठक में 38 दलों ने शामिल होने की पुष्टि की है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को 'भानुमति का कुनबा' करार दिया और कहा, ये ऐसा गठबंधन है, जिसके पास न तो नेता है और न ही नीयत है, न नीति है और न ही फैसला लेने की ताकत है। यह 10 साल की संप्रग सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों का टोला है।

राजग ने यह बैठक ऐसे समय में बुलाई है, जब बेंगलूरु में करीब 26 विपक्षी पार्टियां आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करने की रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को बैठक करने वाली हैं।

कुटिल ताकतें भारत के लोकतंत्र की छवि धूमिल करना चाहती हैं : उपराष्ट्रपति धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि 'हानिकारक मंसूबों वाली कुटिल ताकतें' भारत के संवैधानिक लोकतंत्र की छवि धूमिल करना चाहती हैं।

भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के परिवीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने उनसे आग्रह किया कि वे देश की सेवा करते समय नवोन्वेषी बनें व लीक से हटकर सोचें और ऐसे प्रयासों को नाकाम करें। उन्होंने कहा, हमारे पास मौजूद समृद्ध मानव संसाधन के कारण देश का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। आप इसका प्रतिनिधित्व करते हैं, इसकी मिसाल हैं, आपने इसे साबित किया है।

धनखड़ ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थाई सदस्यता नहीं दिए जाने के मुद्दे पर भी बात करते हुए कहा कि दुनिया की आबादी के छठे हिस्से भारत को निर्णय लेने वाले वैश्विक निकायों से दूर रखा गया है।

धनखड़ ने कहा कि भारत आज एक पसंदीदा निवेश स्थल और आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के किसी भी सुझाव को सबसे शक्तिशाली देश गंभीरता से लेते हैं।

धनखड़ ने कहा कि 'हानिकारक मंसूबों वाली कुटिल ताकतें' भारत के संवैधानिक लोकतंत्र को कलंकित करने, धूमिल करने और कमजोर करने पर तुली हुई हैं।

राजग में शामिल हुई चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान सोमवार को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए। इससे पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राजग की मंगलवार को होने वाली बैठक से ठीक पहले चिराग पासवान के सत्ताधारी गठबंधन में शामिल होने को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है, विशेष रूप से बिहार की राजनीति के लिए।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, चिराग पासवान से दिल्ली में भेंट हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राजग में शामिल होने का निर्णय लिया है। मैं उनका राजग परिवार में स्वागत करता हूं। नड्डा ने इस मुलाकात से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

पासवान ने इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर एक ट्वीट के जरिए जल्द ही राजग में शामिल होने के संकेत दिए थे। चिराग पासवान ने कहा, आज नई दिल्ली में देश के गृह मंत्री अमित शाह से गठबंधन के मुद्दों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

चिराग के पिता और दिवंगत दलित नेता रामविलास पासवान के नेतृत्व में अविभाजित लोजपा ने 2019 में छह लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा था और भाजपा के साथ सीट के बंटवारे के तहत उसे राज्यसभा की एक सीट भी मिली थी। युवा नेता चिराग चाहते हैं कि उनकी पार्टी में विभाजन के बावजूद भाजपा, उसी व्यवस्था पर कायम रहे। लोजपा में विभाजन के बाद बने दूसरे गुट राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस हैं, जो सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं।

लोजपा (रामविलास) के सूत्रों ने कहा कि चिराग पासवान ने अपने गठबंधन को औपचारिक रूप देने से पहले बिहार में लोकसभा और विधानसभा सीट के अपने हिस्से के बारे में भाजपा के समक्ष स्पष्टता पर जोर दिया है। चिराग पासवान सीट के बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं। शाह से आज की उनकी मुलाकात को भी इसी कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

दलितों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी (उप्र)/भाषा। बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना की पुलिस ने कथित तौर पर अनुसूचित जाति (दलित) के लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि लखनऊ निवासी बजरंग रावत लोनी कटरा क्षेत्र के ग्राम मंगलपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट झोपड़ी बनाकर रहता है। सिंह ने कहा कि वह ऐसा दिखाता था जैसे कि जीवन यापन के लिए वह वहां पर रह रहा है, लेकिन इसकी आड़ में क्षेत्र के बहुसंख्यक वर्ग के लोगों को इस तरह से प्रभावित करता था कि वे एक अल्पसंख्यक वर्ग के प्रति आकर्षित हों और अपने धर्म को परिवर्तित कर लें। दलितों के धर्मांतरण के आरोप की सूचना पर लोनी कटरा थाने की पुलिस ने बजरंग रावत को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस ने उसके आवास से कुछ पुस्तकें बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि धर्म परिवर्तन कराने में इसके साथ और कौन-कौन शामिल है।

प्रधानमंत्री अकेले सब पर भारी थे तो 30 दलों को क्यों गिन रहे हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि संसद में सभी विपक्षी दलों पर अकेले भारी पड़ने की बात करने के बाद अब प्रधानमंत्री को 30 छोटे-छोटे दलों को गिनने की जरूरत क्यों पड़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी पार्टियों के एकजुट होने से भारतीय जनता पार्टी घबरा गई है।

खरगे ने संवाददाताओं से कहा, मोदी जी ने संसद में कहा था कि एक अकेला ही सभी विपक्षी पार्टियों पर काफ़ी है, फ़िर उन्हें 29-30 पार्टियों की ज़रूरत क्यों पड़ी ? वह इन छोटे-छोटे दलों को क्यों गिन रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारा जो गठबंधन है, वह तो संसद में एक साथ मिलकर काम करता है। उनका एक ही उद्देश्य है, लोकतंत्र को ख़त्म करने के लिए विपक्ष को सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर धमकाना। उन्होंने कहा, पर हम निडर हैं, उनकी साज़िशों का डटकर सामना करेंगे और जनता की आवाज़ उठाएँगे।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए कि भाजपा जिन 30 पार्टियों की बात कर रही है, वो कहां मिलीं, इस बारे में कुछ पता नहीं है।

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के सोमवार से बेंगलूरु में दो दिवसीय मंथन सत्र में भाग लेने की उम्मीद है। विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर काम शुरू कर सकते हैं और संयुक्त रूप से अभियान शुरू करने की घोषणा कर सकते हैं।

पश्चिम बंगाल: सियालदह-नैहाटी रेल लाइन पर चक्काजाम से ट्रेन सेवाएं प्रभावित

कोलकाता/भाषा। बैरकपुर स्टेशन पर सोमवार सुबह चक्काजाम के कारण पूर्वी रेलवे के सियालदह -नैहाटी मुख्य लाइन पर रेल सेवा प्रभावित हुई और काम पर जाने वाले यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शनों के कारण 12 ईएमयू लोकल ट्रेन का परिचालन रद्द किया गया, वहीं 20 उपनगरीय ट्रेन निर्धारित समय से देरी से चलीं।

सपा से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) से इस्तीफा देने वाले दारा सिंह चौहान सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

लखनऊ स्थित भाजपा राज्य मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दोनों उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में पिछड़े वर्ग के प्रमुख नेता चौहान को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इससे पहले, घोसी (मऊ) से विधायक चौहान ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्यालय में जाकर उन्हें सदन की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपा।

चौहान ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वन मंत्री पद से इस्तीफा देकर सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। वह मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए।

तब चौहान ने भाजपा सरकार पर पिछड़ों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए सपा के पक्ष में जमकर चुनाव प्रचार किया था, लेकिन पार्टी में उम्मीद के मुताबिक महत्व न मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने भाजपा में वापसी कर ली।

केंद्र सभी पार्टियों को डराने की कोशिश कर रहा : केजरीवाल

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनके बेटे एवं सांसद गौतम सिगमनी के परिसरों में की गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की निंदा की। उन्होंने केंद्र पर पार्टियों को तोड़ने और डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

ईडी ने कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में सोमवार को पोनमुडी और उनके बेटे के कई परिसरों पर छापेमारी की।

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के खिलाफ ईडी की छापेमारी की हम कड़ी निंदा करते हैं। वे (केंद्र) ईडी की मदद से सभी पार्टियों को तोड़ने और डराने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, आप ईडी के जरिए भारत जैसे महान राष्ट्र को डरा या नियंत्रित नहीं कर सकते।

विपक्षी एकता में स्वार्थ का 'दीमक' लग गया है : दिनेश शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। बेंगलूरु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी दलों की दो दिवसीय बैठक से पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि विपक्षी एकता में 'स्वार्थ का दीमक' लग गया है। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का एकजुट होकर मुकाबला करने की रणनीति पर चर्चा के लिए 24 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के बेंगलूरु में आयोजित होने वाली दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने की संभावना है।

महागठबंधन बनाने की विपक्षी दलों की कोशिशों पर निशाना साधते हुए शर्मा ने दावा किया, चाहे कितने भी गठबंधन बन जाएं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 99 प्रतिशत सदस्य बिखर गए हैं। लोगों को विपक्षी दलों के नेताओं पर भरोसा नहीं है, जबकि मोदीजी में विश्वास बढ़ा है।

शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, विपक्षी कुनबा कभी एकजुट नहीं रहा। आंतरिक दरारें हमेशा बनी रहीं। स्वार्थ का दीमक लगने से चीजें अंदर से खोखली हो जाती हैं। विपक्षी एकता में स्वार्थ का दीमक लग गया है और यह इसे खात्मे की ओर ले जा रहा है।

पूर्व उप-मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नेतृत्व और मुद्दों के अभाव के कारण विपक्षी दलों में 'हताशा' है।

भाजपा नेता ने कहा, यह सिर्फ चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया जाने वाला एक बेमेल गठबंधन है। चुनाव खत्म होते ही यह हमेशा के लिए बिखर जाएगा।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में 23 जून को विपक्षी एकता के लिए बुलाई गई पिछली बैठक में 15 दलों ने हिस्सा लिया था। एक सूत्र ने कहा, इस बार हम 26 विपक्षी दलों के नेताओं के बैठक में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

यह बैठक शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में विभाजन और पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों की पृष्ठभूमि में भी हो रही है, जिसमें बड़े पैमाने पर हुई हिंसा में कई लोगों की जान चली गई और कांग्रेस एवं वाम दलों की प्रदेश इकाइयों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

राजग की बैठक में उपस्थित रहूंगा, एक दिन पहले मिला आमंत्रण : कुशवाहा

पटना/भाषा। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि वह 18 जुलाई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय लोक जनता दल के संस्थापक ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस मुद्दे को टालने के कुछ घंटों बाद ट्वीटर पर घोषणा की कि उन्हें कल की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ लोग अनावश्यक भ्रम ना फैलाएं। कल राजग की बैठक में शामिल रहुंगा।

यूसीसी से मेघालय में अनूठे मातृसत्तात्मक समाज में हस्तक्षेप का खतरा : भाजपा नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिलाँग/भाषा। मेघालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सनबोर शुल्लई ने सोमवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से राज्य के अनूठे मातृसत्तात्मक समाज में ''हस्तक्षेप का खतरा'' है और उन्होंने विधि आयोग से राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में इसे लागू नहीं करने की अपील की।

विधि आयोग के अध्यक्ष को लिखे पत्र में शिलाँग साउथ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण अपील है कि यूसीसी के क्रियान्वयन को मेघालय राज्य के अनुसूचित क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर यूसीसी को मेघालय में लागू किया जाता है तो राज्य में समाज के मातृसत्तात्मक मानदंडों की अनूठी विशेषता में हस्तक्षेप का खतरा है।

शुल्लई ने कहा, संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के क्रियान्वयन के दौरान केंद्र सरकार काफी उदार रही है, जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों को छूट दी गई है। इस तरह, मेघालय के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक मातृसत्तात्मक कानून को बनाए रखने के लिए यही सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा लागू किए जाने वाले किसी भी कानून को पूर्वोत्तर राज्यों के आदिवासी समुदायों की समृद्ध और पारंपरिक विरासत की रक्षा करने के अलावा अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करनी चाहिए।

समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और विरासत पर कानूनों का एक समूह है जो धर्म, जनजाति या अन्य स्थानीय रीति-रिवाजों से परे सभी भारतीय नागरिकों पर लागू होगा। विधि आयोग ने 14 जून को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे पर सार्वजनिक और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों सहित हितधारकों से विचार आमंत्रित कर यूसीसी पर एक नई परामर्श प्रक्रिया शुरू की थी।

हमें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए फॉर्म में चल रहे रहाणे जैसे खिलाड़ी की जरूरत : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रोसेयु (डोमिनिका)/ भाषा। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि आश्वस्त होकर खेलना अजिंक्य रहाणे की वापसी का अहम पहलू रहा है और भारतीय टीम को उम्मीद है कि वह इस साल होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान अपनी फॉर्म बरकरार रखेंगे।

पिछले महीने लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की हार के दौरान रहाणे की 89 और 46 रन की पारियां भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पक्ष रहा।

यह रहाणे का 18 महीने में पहला टेस्ट था और इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया।

यह 35 वर्षीय बल्लेबाज हालांकि यहां पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गया और पोर्ट ऑफ स्पेन में 20 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेगा।

रहाणे की वापसी पर राठौड़ ने कहा, वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में काफी अच्छा खेला। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है। उसे खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया था। जब बात तकनीक की आती है तो आप लगातार इस पर काम करते हो लेकिन मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि उसका रवैया काफी शांत था। उन्होंने कहा, वह देर से और शरीर के करीब शॉट खेल रहा है। वापसी के बाद से यह सबसे महत्वपूर्ण चीज रही है। वह नेट पर अब भी इसी तरह बल्लेबाजी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

अभिनव-गौतमी की जोड़ी को आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। अभिनव साव और गौतमी भनोट की भारतीय जोड़ी ने कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मैच में ओशिएन मुलर और रोमेन औफ्रेरे की फ्रांसीसी जोड़ी को 17-13 से हराया। भारत का प्रतियोगिता में यह तीसरा स्वर्ण पदक है जिससे वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने एक रजत और दो कांस्य पदक भी जीते हैं। चीन पदक तालिका में शीर्ष पर है। उसने भी भारत के बराबर ही स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन उसके नाम पर दो रजत पदक दर्ज हैं। भारत ने दूसरे दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

अभिनव चौधरी और रविवार को एयर पिस्टल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली सान्याम ने कांस्य पदक के मुकाबले में कोरिया की किम जूरी और किम कांगह्युन 17-11 से हराया। अभिनव साव और गौतमी ने इससे पहले क्वालिफिकेशन में 627.4 अंक बनाकर 35 टीमों के बीच दूसरे स्थान पर रहकर स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलने का अधिकार हासिल किया था।

सुविचार

जब भी जीवन में मुश्किल घड़ी आती है, तो कायर पीछे हट जाता है, और मेहनती डट जाता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नज़ीर बने कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने, उनके लिए धन जुटाने और उनकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करना ऐसे तत्त्वों के लिए कड़ा संदेश है, जो भारत के संसाधनों का उपयोग कर आतंकियों की हिमायत करते हैं। इसके साथ यह घटना चिंताजनक भी है, क्योंकि जिन सरकारी कर्मचारियों पर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का दायित्व होता है, अगर उनमें से कुछ लोग देश के शत्रुओं से मिल जाएं तो उसके नतीजे बड़े खतरनाक हो सकते हैं। इनके बूते आतंकी तत्त्व सरकारी तंत्र में सेंध लगाकर कई राज़ आसानी से हासिल कर सकते हैं। बर्खास्त किए गए इन कर्मचारियों में से एक तो पुलिस कांस्टेबल है, जबकि एक राजस्व सेवा का अधिकारी है। इनके अलावा एक विश्वविद्यालय का जनसंपर्क अधिकारी भी बर्खास्त किया गया है। यूं तो किसी भी नागरिक का शत्रु पक्ष से मिलकर अपने देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश चिंता की बात होती है, लेकिन अगर पुलिस कांस्टेबल ही उससे मिल जाए तो इसकी गहन जांच करने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ विभिन्न अभियानों में सेना के साथ पुलिस का महत्त्वपूर्ण योगदान है। इस पुलिस बल ने शांति बहाली और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़े बलिदान दिए हैं। जो तत्त्व आतंकवादियों का हिमायती हो, उसके लिए यहां कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बर्खास्त किए गए इन कर्मचारियों पर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने, आतंकवादियों के आने-जाने में उनकी मदद करने, उनके लिए धन जुटाने, उनकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के साथ 'अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने' जैसे गंभीर आरोप हैं।

यही नहीं, जांच में यह खुलासा भी हुआ कि ये पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों की ओर से काम कर रहे थे। आश्चर्य की बात है! अगर सरकारी कर्मचारी ही ऐसी गतिविधियां करने लग जाएं तो शत्रु की क्या आवश्यकता है! ये तीनों कर्मचारी उच्च शिक्षित हैं। अपना भला-बुरा जानने में सक्षम थे। उन्हें पता था कि वे किनके हाथों की कठपुतली बने हुए थे। मामले में आईएसआई का कनेक्शन सामने आना ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि यह एजेंसी आतंकवाद के नित नए तरीके विकसित करने के लिए बदनाम है। साथ ही कट्टर और लालची किस्म के लोगों की मनोवृत्ति का फायदा उठाकर संवेदनशील जानकारी लेने के लिए कई ओछे हथकंडे भी आजमाती रहती है। प्राय: उसके निशाने पर सरकारी कर्मचारी और सरहदी/संवेदनशील स्थानों के आसपास रहने वाले लोग होते हैं। विश्वविद्यालय का जनसंपर्क अधिकारी रह चुका कर्मचारी कट्टर अलगाववादी बताया गया है। वह खुद तो अलगाववादी विचारधारा का समर्थन करता ही था, कश्मीर घाटी में आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के प्रमुख प्रचारक की भूमिका भी निभाता था! उसने सोशल मीडिया पर भारत से नफरत को जाहिर करने वाली कई पोस्ट की थीं। बर्खास्त किए गए इन कर्मचारियों के कृत्यों का पता लगाने के लिए भारतीय एजेंसियों की प्रशंसा की जानी चाहिए। अगर उनका ध्यान इनकी ओर नहीं जाता तो पता नहीं ये देश को कितना नुकसान और पहुंचाते। पुलिस और संबंधित एजेंसियों को इसी तरह कड़ी नजर रखनी चाहिए, ताकि कहीं भी ऐसी मानसिकता के लोग मौजूद हों तो उनका पर्दाफाश हो। उन पर कठोर कार्रवाई नज़ीर बननी चाहिए।

ट्वीटर टॉक

लाडनूं के पूर्व विधायक श्री मनोहर सिंह जी के निधन से राजस्थान में भाजपा परिवार ने अपना एक अनमोल सदस्य खो दिया है। उनके परलोकगमन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। समाज सेवा के कार्यों एवं नागौर क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा।

-वसुंधरा राजे

हमारी बेटियां सुरक्षा व सम्मान की हकदार हैं। बलात्कार की घटनाएं सभ्य समाज के लिए कलंक हैं। ऐसे जघन्य कृत्य की जितनी निंदा की जाए कम है परन्तु भाजपा नेता हमेशा ऐसी घटनाओं की निंदा करने की बजाय राजनीतिक स्वार्थपूर्ति हेतु सरकार पर झूठे आरोप लगाने लग जाते हैं।

-अशोक गहलोत

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी को संसद के उच्च सदन 'राज्य सभा' के लिए निर्विरोध चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप के अनुभवों, कर्मठता व जन सेवा के प्रति प्रतिबद्धता से उच्च सदन की गरिमा में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

-दिया कुमारी

प्रेरक प्रसंग

उत्साह से कामयाबी

अमेरिका में जीवन बीमा विक्रय क्षेत्र में फ्रैंक बैजर अपने व्यवसाय के आरंभिक काल में असफल हो चुके थे। उन्होंने कंपनी के पद से इस्तीफा देने का निर्णय ले लिया था। एक दिन वे इस्तीफा लेकर कार्यालय पहुंचे। उस समय प्रबंधक अपने विक्रेताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैजर प्रबंधक कक्ष के बाहर प्रतीक्षा करने लगे। अंदर से आवाज आई, मैं जानता हूं कि आप सभी योग्य विक्रेता है, किंतु आप यह विशेष ध्यान रखें कि योग्यता से भी अधिक महत्वपूर्ण है उत्साह, आपका जोश, जीवन की ऊर्जा, जो मंजिल की दिशा में आपकी सहायता करती है। आपका उत्साह, उमंग ही आपको सफलता के शिखर पर पहुंचा सकती है। इन शब्दों को सुनकर बैजर ने अपना निर्णय बदल दिया और जेब में रखे इस्तीफों को फाड़ दिया। वे फौरन घर चले गए। दूसरे दिन बैजर ने अपने काम को बड़े उत्साह के साथ शुरू किया। उनके उत्साह से ग्राहक इतने प्रभावित हुए कि कुछ वर्षों में वे अमेरिका के नंबर वन सेल्समैन बन गए।

सामयिक

समय के साथ एनडीए के बदलते साथी

अशोक भाटिया

मोबाइल : 9221232130

एनडीए गठन के 25 साल पूरे हो गये। मई 1998 में अटलबिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में एनडीए का गठन हुआ था। एनडीए का सिल्वर जुबली समारोह 18 जुलाई को है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अभी तक कुल 41 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल शामिल रहे हैं। राज्यों की परिस्थितियां और क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षा के कारण एनडीए में सहयोगी दल आते-जाते रहे हैं। देश के राजनीतिक इतिहास में आज तक बहुत से गठबंधन बने और टूटे लेकिन एनडीए 25 वर्षों से अपने अस्तित्व में बना हुआ है और वर्तमान में केंद्र की सरकार के अलावा 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी सरकारें हैं। दरअसल, 90 के दशक में जब भाजपा को राजनीतिक रूप से अछूत माना जाता था और कोई भी दल मुस्लिम मतों को गंवाने के डर से भाजपा के साथ गठबंधन करने से परहेज करता था, उस समय 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्रीय दलों को शामिल कर जो गठबंधन बनाया था उसे एनडीए नाम दिया गया। हम आपको याद दिला दें कि 1996 के लोकसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी को सबसे बड़े दल का नेता होने के नाते पहले सरकार बनाने का अवसर भी दिया लेकिन भाजपा के पास शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल के अलावा किसी अन्य दल का समर्थन नहीं था जिसके चलते अटलजी की सरकार मात्र 13 दिनों में ही गिर गयी थी।

1996 के इस अनुभव को देखते हुए भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के साथ संवाद का काम शुरू किया और अपने मूल मुद्दों को किनारे रखते हुए एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन बनाने की कवायद शुरू की। जल्द ही यह कवायद रंग लाई और 1998 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को टक्कर देने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तर-दक्षिण-पूरब-पश्चिम के कई दलों का ऐसा संगम बनाया कि कांग्रेस और तीसरे मोर्चे का सफाया हो गया और तेलुगू देशम पार्टी के बाहरी समर्थन से केंद्र में अटलजी की सरकार बन गयी। हालांकि एनडीए सहयोगी अन्नाद्रमुक की नेता जयललिता की ओर से समर्थन वापस लिये जाने के कारण अटलजी की सरकार 13 महीने में ही गिर गयी लेकिन 1999 में हुए लोकसभा चुनावों में एनडीए एक बार फिर सत्ता में पहले से ज्यादा ताकत के साथ लौटा। हालांकि निर्धारित अवधि से छह महीने पहले कराये गये लोकसभा चुनावों में एनडीए की हार हुई और कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सत्ता में आया। यूपीए ने 2004 से 2014 तक राज किया। उसके बाद मई 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर सत्ता में लौटा और तबसे केंद्र तथा विभिन्न राज्यों में इसकी सरकार चल रही है।

दरअसल एनडीए 25 साल पूरे कर रहा है सिर्फ यही इसकी उपलब्धि नहीं है। एनडीए की उपलब्धि यह भी है कि इसने सबसे पहले भारत में उस मिथक को तोड़ा था कि गठबंधन सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकतीं। एनडीए की सफलता देख कर ही कांग्रेस का भी अहंकार टूटा था। देवेगौड़ा और गुजराल की सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें गिराने वाली कांग्रेस कभी क्षेत्रीय दलों को अपने साथ नहीं बिठाती थी लेकिन 2004 के लोकसभा चुनावों से पहले शिमला में हुई कांग्रेस की बैठक में यूपीए के गठन का निर्णय लिया गया और वामदलों से लेकर अन्य कई दलों को इसमें शामिल किया गया।

एनडीए के उतार-चढ़ावों की बात करें तो इसमें सबसे पहले शामिल होने वाली शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल ने 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद अलग-अलग कारणों से इस गठबंधन को छोड़ दिया। हालांकि शिवसेना जबसे एकनाथ शिंदे के हाथ में आई है तबसे इसकी वापसी एनडीए में हो गयी है। एनडीए की शुरुआत से ही घटक रही समता पार्टी जोकि बाद में जनता दल युनाइटेड कहलाई, वह भी एनडीए में आती जाती रहती है। फिलहाल वह इस गठबंधन से बाहर है।

एनडीए की सफलताओं की बात करें तो इसने 1998, 1999, 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव जीतकर अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सिर्फ सरकार ही नहीं दी है बल्कि तीन बार उसके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू जीती हैं तो इसके अलावा तीन बार ही एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार- भैरों सिंह शेखावत, एम. वेंकैया नायडू और जगदीप धनखड़ की जीत हुई। एनडीए ने लालकृष्ण आडवाणी के रूप में देश को एक उपप्रधानमंत्री भी दिया है। अटलजी और मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की जीत में फर्क यह रहा कि अटलजी को जहां दोनों बार गठबंधन की सरकार चलानी पड़ी वहीं मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने दम पर बहुमत हासिल किया लेकिन गठबंधन धर्म निभाते हुए सहयोगी दलों को भी मंत्रिमंडल में स्थान दिया।

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू, असम में हिमंत बिस्व सरमा, गोवा में प्रमोद सावंत, गुजरात में भूपेंद्र पटेल, हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे, मणिपुर में एन. बिरेन सिंह, मेघालय में कोनराड संगमा, नगालैंड में नेफियू रियो, पुडुचेरी में एन. रंगासामी, सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग, त्रिपुरा में माणिक साहा, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और उत्तराखण्ड में पुष्कर सिंह धामी शामिल हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों के नगर निकायों में भी एनडीए शासन कर रहा है। देखा जाये तो भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए देश में केंद्र की सत्ता के अलावा अब तक सिर्फ तीन राज्यों- केरल, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में सरकार बना चुका है।

मई 1998 में अपने गठन के बाद से एनडीए ने लगभग 41 राष्ट्रीय और राज्य दलों की भागीदारी देखी है। भाजपा लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष थे।इस विविधतापूर्ण गठबंधन ने 19 राजनीतिक दलों को निमंत्रण दिया है, जिनमें चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी, उपेंद्र कुशवाहा की लोक समता पार्टी और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा जैसे उल्लेखनीय सदस्य शामिल हैं।आमंत्रितों की सूची में संजय निषाद की इंडियन शोषित हमारा अपना दल (निषाद) -निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (सोनेलाल), हरियाणा से जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और आंध्र प्रदेश से पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना शामिल हैं।अन्य आमंत्रित पार्टियां जैसे तमिलनाडु की एआईएमडीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस और भारत मक्कल कालवी मुनेत्र कड़गम इस आयोजन में क्षेत्रीय स्वाद जोड़ने के लिए तैयार हैं।उनके साथ आजसू (झारखंड), कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली एनसीपी, एनडीपीपी (नागालैंड), एसकेएफ (सिक्किम), ज़ोरमथांगा के नेतृत्व वाले मिज़ो नेशनल फ्रंट, असम गण परिषद, ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। शिवसेना (शिंदे ग्रुप) और एनसीपी (अजित पवार ग्रुप)।यह महत्वपूर्ण सभा न केवल पिछली चौथाई सदी में एनडीए की उल्लेखनीय यात्रा का प्रतीक है, बल्कि इसके सदस्य दलों के बीच एकता और एकजुटता का एक शक्तिशाली प्रदर्शन भी है। सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के माध्यम से एनडीए नई दिल्ली में आगामी 2024 चुनावों से पहले एक मजबूत मोर्चा पेश करना, अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करना और अपनी ताकत दिखाता नजर आएगा।प्रधान मंत्री मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की रजत जयंती बैठक में रणनीतिक सहयोग के लिए आधार तैयार करने, पार्टियों के बीच बातचीत को बढ़ावा देने और गठबंधन के भविष्य के प्रयासों के लिए समर्थन मजबूत करने की उम्मीद है।राजनीतिक परिदृश्य पर अपनी नजरें टिकाए एनडीए के घटक दल अपने गठबंधन के इस ऐतिहासिक वर्ष में प्रवेश करते हुए एक शानदार राजनीतिक माहौल तैयार करेंगे।

नजरिया

क्या मोदी के सामने प्रियंका होंगी विपक्ष का चेहरा?

बाल मुकुन्द ओझा

मोबाइल : 8949519406

लोकसभा चुनाव में विपक्ष के सर्वमान्य नेतृत्व को लेकर सवाल बना हुआ है। कई विपक्षी नेता प्रियंका गांधी को दमदार और बेहतर चेहरा मान रहे हैं। प्रियंका वाड्रा इन दिनों सोशल मीडिया पर बहुत अधिक चर्चित है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रियंका लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है और नित्य प्रति कोई न कोई पोस्ट डाल कर मोदी सरकार को कटघरे में डालने से नहीं चुकती।

प्रियंका यदि प्रधानमंत्री फेस बनती है तो ममता बनर्जी, केजरीवाल और नीतीश जैसे नेता भी मान जायेंगे। राहुल गांधी को मानहानि मामले में सज़ा होने और कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद प्रियंका गांधी को विपक्ष की और से प्रधानमंत्री फेस बनाने की चर्चा जोर शोर से होने लगी है। प्रियंका में आज भी लोग इंदिरा गाँधी की छवि ढूंढते है। प्रियंका गांधी ने मोदी पर हमलावर होकर कर्नाटक में कुछ रैलियों से ही कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना दिया। कांग्रेस के कई नेता भी कर्नाटक जीत का श्रेय राहुल से ज्यादा प्रियंका गांधी को ही दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदर ही नहीं कांग्रेस के बाहर भी प्रियंका गांधी की नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा जोरों पर हैं। यही कारण है कि पार्टी के अंदर से अब प्रियंका को वर्ष 2024 में कांग्रेस का प्रधानमंत्री फेस बनाने की मांग उठने लगी है।

इसकी शुरुआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने की है। आचार्य का कहना है प्रियंका मोदी को सीधे टक्कर दे सकती हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को देने के लिए किसी मशहूर चेहरे की जरूरत है। विपक्ष को ऐसा चेहरा पेश करना होगा जो मोदी को टक्कर दे सके। अभी जितने क्षेत्रीय पार्टियों के नेता है वह अपने-अपने राज्यों के नेता है और राष्ट्रीय स्तर पर इन नेताओं की कोई लोकप्रियता नहीं है। कृष्णम ने कहा कि 2024 का चुनाव मुद्दों से ज्यादा चेहरे का चुनाव है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश का सबसे बड़ा चेहरा है। उन्होंने कहा 'मुझे अपनी बात रखने का अधिकार है और फैसला विपक्ष को ही लेना होगा। नरेंद्र मोदी के सामने प्रियंका गांधी बहुत बड़ा चेहरा है। प्रियंका ही प्रधानमंत्री मोदी को हरा सकती हैं।'

बताया जाता है भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। मगर मानहानि मामले में फंसकर सदस्यता गंवाने और चुनाव लड़ने पर रोक के कारण प्रियंका भलीभांति कांग्रेस का नेतृत्व कर सकती है। कांग्रेस के अंदर से ही प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने की मांग क्यों होने लगी है? इसकी पीछे सबसे बड़ी वजह है राहुल गांधी की सदस्यता का रद्द होना। प्रियंका इंदिरा गांधी की तरह बहुत जल्दी महिलाओं से घुल मिल जाती है।

उनके हावभाव में इंदिराजी की झलक देखने को मिल जाती है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनावों में प्रियंका के करिश्माई व्यक्तित्व का फायदा कांग्रेस को मिल सकता है। मोदी के खिलाफ कांग्रेस अपने सारे हथियार आजमाएगी और प्रियंका उसके तरकश का सबसे धारदार तीर साबित हो सकता है।प्रियंका के खिलाफ केवल एक ही बात जाती है वह है यूपी में उनके नेतृत्व में कांग्रेस की करारी हार। इस प्रदेश में प्रियंका ने कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त प्रचार

किया था मग लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया। मगर यूपी में कांग्रेस की हार के और भी कई कारण रहे है। सब बड़ा कारण धरातल पर संगठन का नहीं होना। इसके बाद प्रियंका बहुत आगे बढ़ गई। हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से प्रियंका के हौसले बुलंद हुए अब राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रियंका की अग्नि परीक्षा है। यदि इस परीक्षा में प्रियंका पास हो जाती है तो प्रियंका को आगे बढ़ने से कोई भी नहीं रोक पायेगा। मोदी की लोकप्रियता के सामने वह टिक पायेगी या नहीं यह भविष्य के गर्त में छिपा है।

मुद्दा

पाकिस्तान में जमाने भर की बातों का बदला हिंदू मंदिरों से क्यों?

अमरपाल सिंह वर्मा

पाकिस्तान की सीमा हैदर पबजी खेलते हुए भारत के सचिन के प्यार में पड़ कर कई देशों की सीमाएं लांघते हुए भारत आ गई। यकीनन, सीमा हैदर की करतूत से उसके परिजनों और पाकिस्तान के लोगों में गुस्सा है लेकिन दुख का विषय है कि इसका बदला पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचा कर लिया जा रहा है। कल पाकिस्तान में सिंध के काशमोर में एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। हमलावरों ने मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस मौके पर पहुंचती, तब तक हमलावर फरार हो गए।

पाकिस्तान में दो दिन में हिंदू मंदिर में तोडफ़ोड़ की यह दूसरी वारदात है। इससे पूर्व कराची में रात को डेढ़ शताब्दी पुराने हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया। जब से पाकिस्तान की नींव पड़ी है, तब से वहां पर हिंदू मंदिर कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। दो कारणों से मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। एक-ये पुराने मंदिर जिन जगहों पर बने हैं, वह जगहें अब बेशकीमती हो गई हैं। इसलिए मंदिरों को तोड़ कर वहां पर होटल, दुकानें आदि बनाई जा रही हैं। दूसरा कारण, भारत से किसी भी नाराजगी का प्रतिशोध मंदिरों को ध्वस्त करके लिया जाता है। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद वहां अनेक मंदिर ढहा दिए गए। हालत यह है कि दुनिया

में कहीं कुछ भी हो, पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू मंदिर ही आ जाते हैं। बड़ा सवाल यह है कि जमाने भर की बातों का बदला हिंदू मंदिरों से क्यों लिया जा रहा है और ऐसा करके क्या हासिल होने वाला है?

पाकिस्तान में कट्टरपंथियों हमलों में न केवल हिंदू को मारा जा रहा है, बल्कि जुल्म-ओ-सितम की वजह से हिंदू से वहां से भागने पर मजबूर हैं। हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन के कारण पिछले तीन दशक में सैकड़ों हिंदू भारत आए लेकिन लौटकर नहीं गए। यह सिलसिला अब भी चल रहा है। पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 1947 में भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 428 प्रमुख मंदिर थे, इनमें से 408 मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया है। इन सभी मंदिरों के स्थान पर मदरसे, स्कूल, होटल और रेस्टोरेंट खड़े कर दिए गए हैं।

समय-समय पर जो मीडिया रिपोर्ट आई हैं, उनके मुताबिक पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में कालीबाड़ी मंदिर को ढहाकर ताजमहल होटल बनाया गया है। कोहाट के शिव मंदिर के स्थान पर अब एक स्कूल है। पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर मिठाई का शोरूम बना दिया गया। पाकिस्तान में अब बमुश्किल दो दर्जन मंदिर ही शेष रहे हैं। इनमें में भी देखने लायक तो पाकिस्तानी पंजाब स्थित 900 साल पुराना कटासराज मंदिर, इस्लामाबाद के पास सैयदपुर का श्रीराम मंदिर, कराची का पंचमुखी हनुमान मंदिर, पेशावर का गोरखनाथ मंदिर, सिंध का श्रीहिंगलाज माता मंदिर और वरुणदेव मंदिर ही बचे हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा की गई खुदाई में भी कुछ प्राचीन मंदिर मिले हैं। वर्ष 2020 में पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी इलाके के स्वात जिले में खुदाई में 1300 साल पुराना एक हिंदू मंदिर मिला है। यह मंदिर भगवान विष्णु का बताया गया। ऐसे मंदिरों को भी संरक्षण की दरकार है। पाकिस्तान में स्थित ये मंदिर प्राचीन काल की हमारी वैभवशाली स्थापत्य कला के नमूने थे।

भले ही ये मंदिर हिंदुओं के थे, लेकिन पाकिस्तान को एक धरोहर मानकर उन्हें सहेज कर रखना चाहिए था। न केवल ये मंदिर हिंदू तीर्थयात्रियों की श्रद्धा का केन्द्र बने रहते, बल्कि पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होते लेकिन घृणा की नींव पर बने पाकिस्तान से ऐसे किसी सकारात्मक काम की उम्मीद ही कैसे की जा सकती है, जिसमें सर्वधर्म सद्भाव और परस्पर स्नेह की खुशबू आए। पाकिस्तान में जो कुछ हो रहा है, वह निंदनीय और चिंताजनक है। मंदिरों को ढहाना सिर्फ पत्थरों के ढांचे को खत्म करना नहीं है, ऐसा करके हिंदुओं की समृद्ध और वैभवशाली संस्कृत को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भारत को इस मुद्दे को वैश्विक स्तर पर इस पुरजोर तरीके से उठाना चाहिए।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

'उपासना स्थलों को गिराकर इमारतों के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी'

कराची/भाषा

कराची में 150 साल पुराना हिंदू मंदिर ध्वस्त किए जाने की खबरों के बाद पाकिस्तान की सिंध सरकार ने कहा है कि वह किसी उपासना स्थल को गिराकर उसकी जगह किसी भी व्यावसायिक इमारत के निर्माण की अनुमति नहीं देगी, भले ही वह किसी अल्पसंख्यक समुदाय से ही संबंधित हो। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की राजधानी कराची के सोल्जर बाजार में स्थित 150 साल पुराने मरी माता मंदिर को शुक्रवार को पुराना और खतरनाक ढांचा बताते हुए कथित रूप से ध्वस्त कर दिया गया।

हिंदू समुदाय ने पाकिस्तान हिंदू परिषद, सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह और सिंध पुलिस के महानिरीक्षक से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की अपील की थी। 'द डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता एवं कराची के महापौर बैरिस्टर मुर्तजा वहाब ने कहा कि उनकी पार्टी धार्मिक सद्भाव और स्वतंत्रता में विश्वास करती है और किसी को भी अल्पसंख्यक समुदाय के पूजा स्थल के ध्वस्तीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

क्षेत्र के हिंदू समुदाय ने आरोप लगाया कि दो व्यक्तियों - इमरान हाशमी और रेखा बाई - द्वारा कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके एक बिल्डर को मंदिर की संपत्ति बेचे जाने के बाद ''बिल्डर माफिया'' ने उसे ध्वस्त कर दिया था।

खबर में कहा गया है कि हालांकि, प्रांतीय सरकार ने मंदिर के विध्वंस के बारे में हिंदू समुदाय के दावे को खारिज किया है और पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन को उस भूखंड पर निर्माण या विध्वंस कार्य रोकने का आदेश दिया है, जहां सदियों पुराना मंदिर रहा है।

वहाब ने रविवार को एक ट्वीट में कहा, मैंने पड़ताल की है। मंदिर को ध्वस्त नहीं किया गया है और मंदिर अब भी बरकरार है। उन्होंने कहा, प्रशासन ने हस्तक्षेप किया है और हिंदू पंचायत से सही तथ्यों का पता लगाने में पुलिस की सहायता करने के लिए कहा गया है। मैं इस बारे में सभी को अवगत कराता रहूंगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सभी समुदायों के लोगों के साथ खड़ी है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने कहा कि रेखा ने उस भूखंड की स्वामी होने का दावा किया है जिसके एक हिस्से पर हिंदू मंदिर बनाया गया था।

एक अधिकारी ने कहा कि सिंध सरकार के ताजा निर्देशों के तहत, पुलिस अब कराची के मद्रासी हिंदू समुदाय के साथ समन्वय कर रही है जो पिछले कई दशकों से मंदिर का प्रबंधन कर रहा है।

पूजा अर्चना

हरिद्वार में सोमवार को सावन माह के अवसर पर हरिद्वार में हर की पौड़ी पर भक्त भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

विदेश मंत्री जयशंकर ने नेपाल, बांग्लादेश के समकक्षों से मुलाकात की, द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

बैंकाक/भाषा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यहां नेपाल एवं बांग्लादेश के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की और अपने नेतृत्वों द्वारा निर्धारित सहयोग के एजेंडे को लागू करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। जयशंकर ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। जयशंकर बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अभी थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में है। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की स्थापना 1997 में हुई थी। यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह है जिसमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमा, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। इस समूह के देशों की कुल आबादी 1.73 अरब है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4000 अरब डॉलर से अधिक का है।

जयशंकर ने ट्वीट किया, नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद से मुलाकात अच्छी रही। हमारे नेतृत्व द्वारा निर्धारिक सहयोग के एजेंडे को लागू करने पर मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बैठक के चित्र के साथ ट्वीट में कहा, सम्पर्क बनाए रखने को लेकर आशान्वित हूं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष अब्दुल मोमिन से भी मुलाकात की।

एक तरफ जांचा परखा खरा गठबंधन तो दूसरी तरफ कांग्रेस की बेवफ़ाई का बन्धन है: नकवी

नई दिल्ली/भाषा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्षी दलों की बैठक को लेकर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला 'जांचा-परखा गठबंधन' है तो दूसरी तरफ 'कांग्रेस की बेवफाई वाला बंधन' है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस के हाथ में 'बेवफाई का खंजर' भी है जिससे क्षेत्रीय दलों को सावधान रहना चाहिए। नकवी ने कहा कि सपना एक, मुंगेरी अनेक के अंतर्विरोध के अखाड़े में एकता का नगाड़ा टांय-टांय फिस्स होगा। उनके मुताबिक, एक तरफ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला जांचा परखा खरा गठबंधन है, दूसरी तरफ कांग्रेस की बेवफ़ाई का बन्धन है।

चार बच्चों की मां के हिंदू के साथ रहने के लिए भारत पहुंचने का एकमात्र कारक 'प्रेम': पाक एजेंसियां

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने सरकार को सूचित किया है कि प्यार ही वह एकमात्र कारक है जिसके कारण चार बच्चों की मां एक हिंदू व्यक्ति के साथ रहने के लिए भारत पहुंच गई। सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारतीय युवक से पाकिस्तानी महिला की दोस्ती एक ऑनलाइन खेल मंच के माध्यम से हुई थी। सिंध प्रांत के कराची की सीमा गुलाम हैदर और भारत में रहने वाले सचिन मीणा 2019 में पबजी खेलते समय संपर्क में आए थे। उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय सीमा और 22 वर्षीय सचिन दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रहते हैं, जहां सचिन किराने की दुकान चलाता है।

स्थानीय उर्दू दैनिक 'जंग' ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा, पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर ने केवल प्यार के कारण एक भारतीय व्यक्ति (सचिन मीणा) से शादी करने के लिए देश छोड़ा, क्योंकि अभी तक कोई अन्य कारण/मकसद सामने नहीं आया है। खबर में कहा गया, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, देश छोड़ने की वजह हिंदू भारतीय व्यक्ति से 'प्यार' के अलावा कोई और नजर नहीं आता।

'भारत, अमेरिका सबसे करीबी भागीदार'

गांधीनगर/भाषा

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा है कि अमेरिका और भारत दुनिया में सबसे करीबी भागीदारों में से हैं और उनका देश जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के नेतृत्व की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया और उन्हें भरोसा है कि आने वाले वर्षों में यह और बढ़ेगा।

येलेन और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में चल रही जी20 बैठकों के तहत भारत-अमेरिका वार्ता से पहले सोमवार को यहां संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया।

सीतारमण ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी मुलाकात से दोनों देशों के बीच भागीदारी और मजबूत हुई है।

येलेन ने बयान में कहा, हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे करीबी साझेदारों में से हैं। अमेरिका जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के नेतृत्व की सराहना करता है और हम उनके साथ अपना करीबी सहयोग जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसी बड़ी चुनौतियों के बीच प्रगति के लिए जी20 की ओर देख रही है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम अपनी बैठकों में महत्वपूर्ण ठोस कदम उठा सकते हैं। मैं जी20 अध्यक्ष के रूप में ऋण मुद्दों पर भारत के नेतृत्व के रुख की सराहना करती हूं। इसमें बहुपक्षीय ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में सुधार के जी20 के प्रयासों में आपका समर्थन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक, पहले से क्रियान्वयन तहत या विचाराधीन उपायों के जरिये बहुपक्षीय विकास बैंक (एमबीडी) अगले एक दशक में 200 अरब डॉलर तक निकाल सकते हैं। येलेन ने कहा, हमें विश्व बैंक की अगुवाई के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन करने पर भी गर्व है। हमारा मानना है कि वह इन महत्वपूर्ण सुधारों को पूरा करने के लिए सही नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। येलेन ने कहा कि जी20 में आपसी सहयोग से आगे हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को काफी महत्व देते हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा, जैसा प्रधानमंत्री मोदी की वॉशिंगटन यात्रा के दौरान दिखा, अमेरिका और भारत दुनिया में सबसे नजदीकी भागीदारों में हैं।

'बवाल' की स्पेशल स्क्रीनिंग में जान्हवी कपूर ने फैंस को दिया सरप्राइज

नई दिल्ली/एजेन्सी

वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर फिल्म 'बवाल' के दिलचस्प ट्रेलर के साथ, जिसे दुबई में बड़े पैमाने पर लॉन्च किया गया था, की स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। भारी डिमांड के बाद वरुण और जान्हवी ने कुछ फैंस को ग्लोबल प्रीमियर से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग में फिल्म देखने को मौका दिया। स्क्रीनिंग के दौरान पूरे समय सीटियों, तालियों, वाहवाही होती रही। वरुण और जान्हवी ने आखिर में एंट्री लेकर वहां मौजूद फैंस को सरप्राइज दिया। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ बातचीत की, उनके सवालों के जवाब दिए और फोटो भी क्लिक करवाए। वरुण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर स्क्रीनिंग की एक फोटो पोस्ट की। उन्होंने लिखा, बवाल के लिए पहली फैन स्क्रीनिंग। यह हमारे लिए सब कुछ है। 'बवाल' साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा अश्विनी अय्यर तिवारी और नितेश तिवारी की अर्थस्की पिक्चर्स के सहयोग से बनाई गई एक टाइमलेस लव स्टोरी है। इसका प्रीमियर 21 जुलाई को प्राइम वीडियो पर होगा।

मनोकामना

पटना में पवित्र श्रावण माह के अवसर पर सोमवार को एक मंदिर में भगवान शिव की पूजा के बाद एक भक्त 'नंदी' के कान में अपनी मनोकामना कहती हुई।

फिल्म 'चाची नंबर 1' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म चाची नंबर 1 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'चाची नंबर 1 के फर्स्ट लुक में यश कुमार झाड़ बाल्टी एवं अन्य बर्तनों के साथ सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं।

फिल्म 'चाची नंबर 1 का निर्माण यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा के बैनर से हो रहा है।इस फिल्म को लेकर यश कुमार ने बताया कि चाची नंबर 1 मनोरंजन का सैलाब लेकर आने वाला है। फिल्म की पटकथा बेहद अनोखी और मनोरंजक है जो हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आने वाली है। इस फिल्म में मेरा लुक और किरदार बेहद चैलेंजिंग था लेकिन एक कलाकार के नाते मैंने खूब मेहनत की और तब जाकर फिल्म बन सकी।

यह फिल्म अब दर्शकों के सामने रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बस अब महज औपचारिकताएं बाकी हैं। पहले फिल्म का ट्रेलर जल्द ही रिलीज हो जाएगा उसके बाद फिल्म की रिलीज डेट कभी अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा। यश कुमार ने दावा किया कि चाची नंबर वन जैसी फिल्म भोजपुरी में अभी तक किसी ने नहीं बनाई थी।

चाची नंबर 1 में यश कुमार के अलावारक्षा गुप्ता,अमित शुक्ला ,मनोज टाइगर,सीपी भट्ट, राधे कुमार, लोटा तिवारी, चंदन कश्यप, नौशाद शेख ,चाइल्ड एक्टर दीक्षा की अहम भूमिका है।गीतकार राजेश मिश्रा और शेखर मधुर है जबकि संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। कथा और पटकथा यश कुमार के साथ मनोज गुप्ता की है। एक्शन प्रदीप खड़का का है जबकि छायंकन जहांगीर सैयद ने किया है।

लाइफ में बैलेंस बनाना चाहती है आलिया भट्ट

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि वह अपने लाइफ में बैलेंस बनाना चाहती है। आलिया भट्ट ने बताया है कि एक समय ऐसा भी था जब वह काम के लिए अपना फैमिली टाइम और नींद तक के लिए समझौता करने को तैयार थीं। लेकिन, अब वह ऐसा नहीं सोचती हैं। जैसे-जैसे मैंने सिनेमा में एक दशक पार किया, चीजें डेवलप होती गईं। हालांकि इस दशक में मेरी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। मुझे लगता है कि एक समय था जब मैं हर तरह के सेक्रिफाइस करने के लिए तैयार थी। नींद का, अपने परिवार के साथ समय का। उस वक्त मेरे जीवन में बस दो चीजें काम करना और शूटिंग करना थीं। आलिया ने कहा, अब मेरा एक परिवार हैमेरी एक बेटी है। मेरा एक पति है। मुझे ऐसा लगता है कि 10 साल मैंने अपने माता-पिता, अपनी बहन और अपने दोस्तों के साथ नहीं बिताए। लेकिन अब मैं चाहती हूं कि ऐसा कर सकूं।बेशक काम करना कभी न छोड़ें, लेकिन कोशिश करें और लाइफ में बैलेंस लाएं।

'वेलकम 3' में अरशद के साथ नजर आएंगे अक्षय कुमार, संजय दत्त

मुंबई/एजेन्सी

2007 में रिलीज हुई अक्षय कुमार, कटरीना कैफ, नाना पाटेकर और अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'वेलकम' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। साल 2015 में वेलकम का सीक्वल रिलीज हुआ 'वेलकम बैक', जिसमें अक्षय कुमार की जगह एक्टर जॉन अब्राहम लीड रोल में नजर आए थे और अब फिल्म के तीसरे भाग को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। बताया जा रहा है कि फिरोज नाडियाडवाला ने अपनी इस फ्रेंचाइजी के 3रे भाग पर काम करना शुरू कर दिया है। हाल ही प्रदर्शित हुई वेब सीरीज असुर-2 से चर्चाओं में आए अभिनेता अरशद वारसी ने अपने हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार में बताया कि इस फिल्म में उनके अलावा अक्षय कुमार और संजय दत्त भी लीड रोल निभाते नजर आएंगे। वेलकम 3 की स्केल, उसकी कोस्ट, उसका क्लाइमेक्स सब कुछ अनरियल सा लगता है।

यह लाइफ से कहीं अधिक बड़ी थिएटेरिकल फिल्म है, जिसका मैं हिस्सा बनने वाला हूं। इस फिल्म में मैं, अक्षय कुमार, संजय दत्त, परेश रावल और भी बहुत सारे लोग होंगे। अरशद वारसी ने आगे कहा, सिनेमा का अब पूरा परिदृश्य बदल गया है। अब थिएटरों में रिलीज होने वाली सभी फिल्में सुपरहीरो फिल्में हैं। वह बहुत बड़ी और लारजर देन लाइफ होती हैं और यह विचित्र है। मैं खुद को उसी तरह देख रहा हूं।

इन बड़ी फिल्मों में छोटा-मोटा काम करना मुझे पसंद नहीं है। मेरे लिए नौकरी में संतुष्ट होना सबसे महत्वपूर्ण है। ये ऐसी फिल्में हैं जो मुझे ढेर सारा पैसा देंगी। मुझे जो प्रस्ताव मिले हैं, वह मुझे कुछ खास पसंद नहीं आए। और अब जो मैं कर रहा हूं वह वेलकम-3 है। अरशद वारसी इन दिनों अपनी वेबसीरीज 'असुर 2' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं।

अरशद वारसी, अनुप्रिया गोयनका, रिद्धि डोगरा और वरुण सोबती स्टारर यह फिल्म 1 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज हुई थी। इस सीरीज में अरशद वारसी एक पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज दर्शकों को काफी पसंद आई है और इसमें अरशद वारसी के किरदार की काफी सराहना भी हुई है।

रियल इंसिडेंट्स से इंस्पायर्ड 'अजमेर 92' का ट्रेलर जारी

मुंबई एजेन्सी

द केरला स्टोरी व 72 हुर्रे के बाद इन दिनों सोशल मीडिया पर अजमेर 92 नामक फिल्म की चर्चा हो रही है। इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है और इसे देखने के बाद अब इस पर प्रतिक्रियाएँ आनी शुरू हो गई हैं। इसे राजस्थान में होने वाले विधानसभाओं चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। कुछ लोगों का विचार है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर है। रियल इंसिडेंट्स से इंस्पायर्ड बताई जा रही इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह से महिलाओं के साथ अजमेर में दुर्व्यवहार होता गया और पुलिस-प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। ट्रेलर काफी डिस्टर्बिंग है और इसमें दिखाया गया है कि महिलाओं पर किस तरह से अत्याचार किया गया। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है. ट्रेलर में साल 1992 में राजस्थान में कई सारी महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की कहानी दिखाई गई है। कैसे लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए उन्हें ब्लैकमेल किया जाता था और उनका रेप किया जाता था ये इस ट्रेलर में देखने को मिल रहा है। रोते-बिलखते मां-बाप इंसाफ की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह से उस दौर में बदमाश

बेखौफ थे और इस तरह के कुकर्म को अंजाम देने में जरा भी नहीं हिचकते थे। तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। रौंगटे खड़े कर देने वाले इस ट्रेलर को शेयर करते हुए तरण आदर्श ने कैप्शन में लिखा- रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म अजमेर 92 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ये फिल्म 21 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। ट्रेलर पर लोगों के रिएक्शन भी आ रहे हैं। ट्रेलर देखने के बाद लोग इस पर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। कोई इसे राजस्थान में होने वाले आगामी इलेक्शन से जोड़ रहा है तो कोई इसे पहले से ही ब्लॉकबस्टर बता रहा है। फिल्म की बात करें तो इससे पहले इसका जब टीजर रिलीज हुआ था उस समय भी फिल्म को लेकर काफी बवाल देखने को मिला था। अब इस ट्रेलर को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होती है ये तो आने वाले समय में सामने आएगा। फिल्म की बात करें तो इसमें करण वर्मा, राजेश शर्मा, अल्का अमीम, मनोज जोशी, शालिनी कपूर और जरीना वहाब जैसे स्टार्स नजर आएंगे।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

यह ब्रह्मांड एक बगीचा है। बगीचा भी ऐसा आश्चर्यजनक कि हम इसके फूल-पत्र ही नहीं, स्वयं इसके माली भी हैं। इसलिए हमारा यह कर्तव्य और दायित्व है कि हम न केवल फूलों की तरह खुद हंसते-खिलखिलाते रहें, माली बनकर सभी को अपने सामर्थ्य भर खुशियों से सींचे, उन्हें हंसने-खिलखिलाने का मौका दें। किसी हंसते हुए व्यक्ति को रुला देने में कोई बहादुरी नहीं है, किसी को पीड़ा पहुंचाने में कोई प्रतिष्ठा नहीं मिलती। हमारी शक्ति का सही उपयोग तभी होगा अगर हम किसी रोते हुए व्यक्ति के चेहरे से आंसू पोंछ सकें, किसी उदास चेहरे पर एक मुस्कान खिला सकें, किसी को थोड़ी सी प्रसन्नता दे सकें।

अपनी श्रेष्ठता का उपयोग किसी की सहायता के लिए करें : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नार्थटाउन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरीजी ने अपने धर्म प्रवचन में कहा कि रोजाना देव-दर्शन करना उत्तम है। जप, शास्त्र-स्वाध्याय करना अच्छी आदत है। दिव्य-पुरुषों के संस्मरण पढ़ना भी उत्तम है। लेकिन सर्वोत्तम है, एकांत में बैठकर, अपने अंदर झांककर यह देखना कि इतना सब कुछ करते रहने पर हमारे अंदर क्या कोई बदलाव हुआ है, हमारे अहंकार में कुछ कमी आई या नहीं, हम समझ गए हैं कि प्रकृति-प्रदत्त उपहार सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि उस पर सभी जीवों का समान अधिकार है। ऐसा है तब निश्चित रूप से हम सही मार्ग पर हैं और प्रभु हमसे अब ज्यादा दूर नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड एक बगीचा है। बगीचा भी ऐसा आश्चर्यजनक कि हम इसके फूल-पत्र ही नहीं, स्वयं इसके माली भी हैं। इसलिए हमारा यह कर्तव्य और दायित्व है कि हम न केवल फूलों की तरह खुद हंसते-खिलखिलाते रहें, माली बनकर सभी को अपने सामर्थ्य भर खुशियों से सींचे, उन्हें हंसने-खिलखिलाने का मौका दें। किसी हंसते हुए व्यक्ति को रुला देने में कोई बहादुरी नहीं है, किसी को पीड़ा पहुंचाने में कोई प्रतिष्ठा नहीं मिलती। हमारी शक्ति का सही उपयोग तभी होगा अगर हम किसी रोते हुए व्यक्ति के चेहरे से आंसू पोंछ सकें, किसी उदास चेहरे पर एक मुस्कान खिला सकें, किसी को थोड़ी सी प्रसन्नता दे सकें। ऐसा करने के प्रतिफल के रूप में हमें भी एक अनुपम संतुष्टि और प्रसन्नता का आभास होगा। हम सभी को धनुषाकार होंठ मिले हैं। नैतिकता का तकाजा है कि इनसे किसी के दिल को बेधने वाले शब्द बाण न छोड़ें। हमारी मधुर बातें सुनने वाले को कोमल स्पर्श की अनुभूति दे जाए। फव्वारे में गंदे नाले का पानी भरकर हमें ऐसी आशा नहीं करनी चाहिए कि जब यह फव्वारा नीचे की तरफ आए, तब उसमें से गंगा जल निकले। हमें तो हर स्थिति में चंदन बने रहना है। जिंदगी बांसुरी की तरह है। इसमें भी विकारों, अभावों और खालीपन के अनेक छेद हैं। अगर हम निपुणता और सजगता के साथ इसका उपयोग करें तो इसकी मनमोहक और सुरीली तानों का आनंद ले सकते हैं। अपनी श्रेष्ठता का उपयोग किसी की सहायता कर करें। किसी की मुश्किलों को आसान करना ही तो हमारी शक्ति की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

जनम तमिल टीवी — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

जनम तमिल टीवी का डिजिटल प्रसारण के लाइव प्रसारण होने के अवसर पर तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई सहित अनेक राजनेताओं ने भाग लिया। जनम तमिल टीवी राष्ट्रीय, धार्मिक और तमिल मामलों पर निष्पक्ष रिपोर्टिंग के साथ साथ यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक नए लोगो, वेबसाइट और आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों का संचालन करेगा।

जीतो चेन्नई बना अब तक का सबसे ज्यादा एफसीपी-सीपी सदस्य वाला चैप्टर

सदस्यता संयोजक कल्पेश बोकाडिया के नेतृत्व में रचा कीर्तिमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रमेश दुग्गड़ नेहल शाह कल्पेश बोकडिया

चेन्नई। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो)अब तक का सबसे ज्यादा सदस्य संख्या वाला चैप्टर बन गया है। इसकी कुल 310 एफसीपी और सीपी मेंबर्स की संख्या के साथ ही जीतो के चेन्नई चैप्टर ने अपने आप को सबसे आगे लाकर खड़ा कर दिया है। जीतो चेन्नई के चेयरमैन रमेश दुग्गड़,चीफ सेक्रेटरी नेहल शाह और मेंबरशिप कन्वीनर कल्पेश बोकाडिया की मेहनत रंग लाई है और केवल साढ़े आठ महीनों में ही 103 एफसीपी एवम सीपी मेंबर्स बनाने के साथ ही जीतो चेन्नई की सदस्य संख्या 207 से सीधे 310 पर पहुंच गई है। वर्ष 2022 से 24 के बीच यह सबसे बड़ी सदस्य संख्या बनाई गई है। इसमें जीतो चेन्नई के विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों का भी विशेष साथ रहा है। इस सफलता के लिए चेन्नई चैप्टर के पदाधिकारियों ने जीतो सदस्यों का आभार जताया है। इसके साथ की मेंबरशिप कमेटी के सदस्यों डीके जैन, महावीर कर्णावत, राजकुमार जैन, राकेश गादिया, त्रिलोक दर्डा, शीतल सोलंकी , डेनिल शाह, अरुण जैन, रणजीत जैन, आकाश जैन आदि अनेक सदस्यों से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया है।

पाप कर्मों से अनेक भवों का नाश होता है : साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा में साध्वी प्रियश्रेयांजनाश्रीजी ने कहा कि मनुष्य को जैसे सांप की समझ है वैसे पाप की समझ नहीं हैं। एक न समझ छोटा बच्चा सांप से खेले तो उसे देखते ही समझदार व्यक्ती उस सर्प को उठा कर फेंक देता है। पाप करने पर दुख मिलेगा और सुख नहीं मिलेगा यह सभी समझते हैं, पर कोई उसे छोड़ने को तैयार नहीं होता है। दुःख से डरना यह कायरता की निशानी है, पाप से डरे वह धर्मी की निशानी है। जिस प्रकार विदेश में हमारी मुद्रा नहीं चलती है, उसी प्रकार परलोक में करंसी नहीं पुण्य की सम्पत्ति ही चलती है। व्यक्ति को पाप करना अच्छा लगता है पर उसकी सजा अच्छी नहीं लगती है। सांप से एक भव में नुकसान है, तो पाप से भवोभव नुकसान है। नरक आदि दुर्गति में ले जाये वैसी प्रवृतियों का त्याग करना चाहिए। व्यक्ति अपने द्वारा किया हुआ दान प्रकट करता है पर पाप प्रकट नहीं करता।

जयगोपाल गरोड़िया विद्यालय के स्वर्ण जयंती खेल उत्सव में विजेताओं को दिए गए नगद पुरस्कार

बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के अन्नानगर के जयगोपाल गरोडिया विवेकानन्द विद्यालय ने स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत तीन दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया जिसका उदघाटन अतिरिक्त आयकर आयुक्त डॉ. एस. पांडियन द्वारा किया गया। इस आयोजन में लड़कियों के लिए वॉलीबॉल, लड़कों और लड़कियों के लिए सिलंबम, टेबल टेनिस, कैरम और लड़कों के लिए कबड्डी खेलों का आयोजन किया तथा सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए गए। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को ट्रॉफी दी गई। खेल के ओवरऑल विजेताओं को एक प्रभावशाली ट्रॉफी दी गई।

इस आयोजन में 101 स्कूलों से लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सिलंबम में 297 प्रतिभागी थे। कैरम प्रतियोगिता में 70, टेबल टेनिस में 115, वॉलीबॉल में 252 और कबड्डी में 336 प्रतिभागी थे। समापन समारोह की अध्यक्षता अर्जुन पुरस्कार विजेता व योग प्रशिक्षक डॉ. विक्रम श्रीनिवासन ने की। कार्यक्रम में मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक केडिया, ट्रस्टी मय्यप्पन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राचार्य जी.विजयकुमार और प्रिंसिपल एम.उमा व अतिथि ने सभा को संबोधित किया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

बच्चों के बाल्यकाल में ही करें धर्म व संस्कारों का बीजारोपण : साध्वी चैतन्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर में विराजित साध्वी चैतन्याश्री जी म.सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि मां अपने बच्चों को शुरू से ही धर्म के बीज बो देना चाहिए ताकि बड़ा होने पर वह भटक ना सके। मिट्टी गीली हो तभी बीज डाल देना चाहिए सूखने के बाद बीज बोना व्यर्थ हैं । उसी प्रकार संस्कार भी बालपन में देने से शिक्षा के साथ श्रद्धा भी आती हैं बड़ा होने के बाद वह दूसरों को सिखाना लायक बन कर परिवार का नाम रोशन करता है । साध्वीश्री ने एक राजा की कहानी सुनाते हुए कहा कि अच्छा कार्य किया तो सुगति एवं बुरा कार्य किया तो निश्चित दुर्गति है इसलिए स्मरण रखना मुझे अच्छी गति में ही जाना है। यह शरीर हमें दुख दे सकता है धोखा दे सकता है यह धन-संपत्ति सुख नहीं दे सकती है इसका आभास दे सकती है। आत्मा को देखोगे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएंगे, आत्मा कर्म रूपी भार से बहुत दबी हुई है जैसे जैसे आप जिनवाणी सुनेंगे कर्म की निर्जरा होगी। मनुष्य दिखावा ज्यादा करता है । सोचता कुछ है, बोलता कुछ है और करता कुछ है । धर्म स्थान में आकर भी पाप का द्वार खुला रहता है परंतु सपना देखता है मोक्ष के सुखों का। व्यक्ति को अपने आचरण को बदलना होगा। पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने बताया कि धर्म सभा मे गौतमकुमार कटारिया, संतोष पगारिया,दिलीप बोहरा, आनंद चुत्तर, अशोक बम्ब समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

रुद्राभिषेक — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई के तंडियारपेट स्थित प्रिंस विलेज अपार्टमेंट फेस वन में सावन के दूसरे सोमवार पर उत्तर भारतीय समाज के तत्वावधान में सामूहिक शिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। पंडित मनोज झा द्वारा दोपहर में भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। भक्तों ने भगवान शिव की आराधना एवं भजन कीर्तन गाकर इस आयोजन को यादगार बनाया।

बैंक ऑफ़ इंडिया का कारोबार 12 लाख करोड़ के पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बैंक ऑफ़ इंडिया के कार्यपालक निदेशक पीआर राजगोपाल ने मदुरै में आयोजित टाउन हॉल बैठक म घोषणा की कि बैंक ने 12 लाख करोड़ के कारोबार मिश्र का आंकड़ा छू लिया है, इसके लिए उन्होंने अपने सभी ग्राहकों, हितधारको एवं स्टाफ सदस्यों को उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस बैठक में मदुरै एवं आसपास के 8 जिलों से बैंक के स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीआर राजगोपाल ने बैंक द्वारा स्वीकार की गईं चुनौतियों व विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में बैंक ऑफ़ इंडिया तकनीकी का उन्नत प्रयोग करते हुए राष्ट्र की डिजिटल बैंकिंग की यात्रा में अग्रगण्य बैंक बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि बैंक का नया अंचल मदुरै अंचल अपने खुदरा एवं एमएसएमई कारोबार में अपनी अधिकांश ग्रामीण एवं अर्धशहरी शाखाओं के भी सहयोग से निरंतर वृद्धि दर्ज करा रहा है। उन्होंने मार्च-2025 तक बैंक के 15 लाख करोड़ के मिश्र कारोबार का लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बैंक के मदुरै अंचल के आंचलिक प्रबंधक जी. उन्नीकृष्णन, उप आंचलिक प्रबंधक द्वय श्रीहर्ष एम् जोयस व पी. अशोकन एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

धर्माराधना में भी एकाग्रता व रस होना जरुरी : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि जो क्रिया जिस तरह करनी है उसी तरह करना, विधि है। लेकिन हम क्रम को विधि मानते है। इससे हम ज्यादा से ज्यादा पुण्य बाँधकर देवलोक तक पहुँचेंगे। इससे अधिक कुछ लाभ नहीं है। सिर्फ विधि में ही ध्यान न हो किन्तु उस अनुसार होना उत्कृष्ट भावों की आराधना से उपार्जित कर्मों का क्षय धर्म साधना हमारी ऐसी हो कि तन-मन भाव एक लय में आ जाएं। व्यक्ति जब उत्कृष्ट भावों से धर्माराधना करता है तो कई भवों के संचित कर्म क्षय करता है। द्रव्य क्रिया निष्फल होती है और भाव क्रिया फलीभूत होती है। व्यक्ति सांसारिक क्रिया में एकाग्र हो जाता है, उसे रस लेकर करता है जब कि धर्मक्रिया में न एकाग्रता व रस होता है। सोमवार को सोमवार को तालुक के नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश कोलीवाड ने आचार्यश्री ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

अभिमान और घंमड मनुष्य के पतन का द्वार है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। साहुकारपेट के एसएस भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी धर्मप्रभाश्री ने श्रध्दालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभिमान और घमंड मनुष्य के पतन का द्वार है। मनुष्य के साथ धन और तन साथ में जाने वाला नहीं है फिर भी वह अभिमान करता है। धन, संपदा, यश, वैभव, कीर्ति, ताकत किसी भी चीज का घमंड मनुष्य में नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा है तो एक समय यह सभी तत्व उसका साथ छोड़ देगें। अभिमानी और घमंडी लोग जीवन में कभी सफल नहीं हुए है। इंसान के पास कुछ भी नही है और वह तुच्छ वस्तुओं में धन-सम्पत्ति, सौन्दर्य शारीरिक शक्ति, जाति, वंश, बुद्धि, कला, पद-प्रतिष्ठा, तपस्या,सिद्धि आदि उपलब्धियों को पाकर मनुष्य अभिमान कर रहा है। त्रेतायुग मे तीन लोक पर राज करने वाले लंकाधिपति रावन के अभिमान और घमंड चूर- चूर हो गया था, फिर साधरण इंसान की क्या औकात है, जो धन और तन पर अभिमान कर रहा है। यह सब यही का यही पर धरा रह जाने वाला है। मनुष्य के साथ में कुछ जाने वाला है,तो मनुष्य की अच्छाइयां जाएगी। उसी व्यक्ति को दुनिया याद करती है, जो दूसरों के लिए जीता है,और उनकी सेवा करता है।

साध्वी स्नेहप्रभा उत्तराध्ययन सूत्र के चतुर्थ अध्ययन का वांचन करते हुए कहा कि मनुष्य के दुःख का मूल कारण है । कषाय घमंड और अभिमान जो मनुष्य की आत्मा को जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त नहीं होने देता है। ज्ञानी मनुष्य को समझाना आसन है। लेकिनअभिमानी व्यक्ति को समझाना दुष्कर है जो अपने आपको श्रेष्ठ मानता। अभिमान से लबरेज इंसान यह समझता कि दुनिया मेरे भी भरोसे पर चल रही है। लेकिन वह भूल रहा है, यह संसार चल रहा है तो परमात्मा कि वजह से, परमात्मा के बगैर संसार मे पत्ता भी नही हिलता औ इंसान एक सांस भी नहीं ले सकता है। परिवर्तन जीवन की प्रक्रिया है। अगर आज कोई व्यक्ति श्रेष्ठ है,तो उससे भी बेहतर कोई कल होगा। इतिहास गवाह है अभिमान करने वालो पुरूषों की संसार मे हमेशा दुर्गति हुयी है। अभिमानी व्यक्ति अपने अभिमान की प्रवृति के कारण अपनों को चोट पहुंचाता है। मनुष्य का जीवन तभी सार्थक बन सकता है, जब वो अपने अभिमान और घमंड को खत्म करेगा तभी आत्मा को सुख दिला सकता है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.